प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 324 | रविवार 16 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रूपया

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि देकर किया नमन

### झारखंड के स्थापना दिवस पर दी बधाई

(एजेंसी) नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 150वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि इस दिन को आधिकारिक तौर पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो भारत के इतिहास में आदिवासी समुदायों की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर स्वतंत्रता आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा की महत्वपूर्ण भूमिका और देश की आदिवासी विरासत की रक्षा के उनके प्रयासों का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा, जनजातीय गौरव दिवस के इस पावन अवसर पर पूरा देश मातृभूमि के गौरव की रक्षा में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान को श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। भगवान बिरसा मुंडा द्वारा दिए गए बलिदान और विदेशी उत्पीड़न के प्रति उनका प्रतिरोध राष्ट्रीय प्रेरणा का शाश्वत स्रोत बना हुआ है। विदेशी शासन के अन्याय के विरुद्ध उनका संघर्ष और बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। देश के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी को उनकी 150वीं जयंती पर शत–शत नमन। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2021 में जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि भारत की अस्मिता और स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों के अभूतपूर्व योगदान को व्यापक रूप से मान्यता मिल सके और उन्हें याद किया जा सके।



## झारखंड हाईकोर्ट के सिल्वर जुबली समारोह में पहुचे न्यायमूर्ति सूर्यकांत

### कहा उच्च न्यायालयों को अस्पतालों के एमरजेंसी वार्डों की तरह त्वरित और सटीक प्रतिक्रिया देनी चाहिए

(एजेंसी) रांची। सुप्रीम कोर्ट के होने वाले चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि हाई कोर्ट को ऐसे संस्थानों के रूप में विकसित होना चाहिए जो अन्याय का अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड की तरह तुरंत और कुशलता से जवाब दें। रांची में झारखंड हाईकोर्ट के सिल्वर जुबली समारोह में बोलते हुए, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इस बात पर जोर दिया कि अदालतों को संकट के समय तुरंत, सटीक और समन्वित राहत प्रदान करने के लिए सुसज्जित होना चाहिए। उन्होंने कहा मेरा मानना घ्है कि उच्च न्यायालयों को अपने संस्थागत विकास की कल्पना उसी तरह करनी चाहिए, जैसे एक मॉर्डन हॉस्पिटल अपनी एमरजेंसी सेवाओं को डिजाइन करता है। ऐसी संरचनाओं के साथ जो संकट के समय तुरंत, निर्णायक और सटीक प्रतिक्रिया देने में सक्षम हों। जिस तरह एक एमरजेंसी वार्ड देरी बर्दाश्त नहीं कर सकता, उसी तरह हमारे न्यायालयों को भी उसी



स्तर की तैयारी, दक्षता और समन्वित प्रतिक्रिया की आकांक्षा रखनी चाहिए। इसका अर्थ है तकनीकी क्षमता को मजबूत करना, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, विशिष्ट विशेषज्ञता का निर्माण करना और यह सुनिश्चित करना कि न्यायिक प्रक्रियाएं उभरती परिस्थितियों के अनुसार तुरंत अनुकूलित हो सकें। केवल ऐसी दूरदर्शिता से ही न्यायपालिका समय पर और प्रभावी समाधान प्रदान करती रहेगी और हर चुनौती का उस गति और स्पष्टता के साथ सामना करेगी, जिसकी एक संवैधानिक लोकतंत्र मांग करता है। ये केवल प्रशासनिक विचार नहीं हैं, ये न्याय तक पहुंच के विकास में अगला कदम हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि संविधान ने न्याय प्रदान करने की एक ऐसी प्रणाली बनाई है, जो तीन स्तंभों पर आधारित है। इनमें से प्रत्येक का एक विशिष्ट लेकिन पूरक उद्देश्य है। जिला न्यायालय रोजमर्रा की शिकायतों का जमीनी स्तर पर समाधान करते हैं और व्यवस्था में जनता का विश्वास बढ़ाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय संवैधानिक सीमाओं के अंतिम राष्ट्रीय संरक्षक के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों के बीच उच्च न्यायालय स्थित हैं, जो नागरिकों और संविधान के बीच सेतु का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 226 के तहत उनकी शक्तियां अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से भी व्यापक हैं। क्योंकि उच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों के साथ–साथ अन्य सभी कानूनी अधिकारों की भी रक्षा कर सकते हैं। यह व्यापक अधिकार, उनकी सुलभता के साथ मिलकर, उच्च न्यायालयों को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक बनाता है कि सुरक्षा और निवारण दूर या विलंबित न हों। झारखंड उच्च न्यायालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए, उन्होंने इसकी पच्चीस वर्षों की यात्रा को लचीलेपन, नवाचार और संवैधानिक मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से परिपूर्ण बताया। उन्होंने आदिवासी अधिकारों, श्रमिकों के सम्मान, पर्यावरणीय संसाधनों और खनिज निष्कर्षण में अंतर–पीढ़ीगत समता के सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णयों पर प्रकाश डाला। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय द्वारा तकनीकी सुधार पर दिए जा रहे जोर की सराहना करते हुए इसे न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए जरूरी बताया।

## युवा कांग्रेस ने 'वोट चोरी का आरोप लगाते हुए बेंगलुरु में किया प्रदर्शन, सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग

(एजेंसी) बेंगलुरु। कर्नाटक प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी (केपीवाईसीसी) ने विभिन्न राज्यों में चुनावों में बड़े पैमाने पर ''वोट चोरी का आरोप लगाते हुए शनिवार को बेंगलुरु में प्रदर्शन किया तथा कथित चुनावी गड़बड़ी को लेकर निर्वाचन आयोग और केंद्र से जवाबदेही की मांग की। एक दिन पहले, कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बिहार विधानसभा चुनाव में ''बड़े पैमाने पर वोट चोरी की गई। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नतीजों की गहन समीक्षा करने का संकल्प जताया और कहा, ''हम ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सकते जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यहां 'फ्रीडम पार्क में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, आईवाईसी प्रभारी मनीष शर्मा, केपीवाईसीसी अध्यक्ष मंजूनाथ गौड़ा ने किया तथा इसमें श्रम मंत्री संतोष लाड, राज्यसभा सदस्य जी सी चंद्रशेखर सहित कर्नाटक के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारी कथित अनियमितताओं की जांच और चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपने के लिए बेंगलुरु स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय तक मार्च भी करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने हाल में हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024, कर्नाटक और महाराष्ट्र चुनाव में ''वोट चोरीश्श का आरोप लगाया है। गांधी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस और 'इंडिया गठबंधन चुनाव परिणामों की गहन समीक्षा करेगी और लोकतंत्र को बचाने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करेगी। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बिहार में महागठबंधन को हराकर सत्ता बरकरार रखी, जबकि कांग्रेस एवं इसकी सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को करारा झटका लगा। बिहार में छह और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था। परिणाम शुक्रवार को घोषित किये गए।

## रोहिणी आचार्य के राजनीति छोड़ने के फैसले से आरजेडी में मची खलबली, तेजस्वी यादव के इस करीबी पर गिर सकती है गाज

(एजेंसी) पटाना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महागठबंधन की हार के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से रिश्ता तोड़ने का ऐलान कर दिया, जिसके बाद राजद समर्थकों में हलचल तेज हो गई। रोहिणी ने तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं अब रोहिणी के बयान से संजय यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया है कि संजय यादव और उनके सहयोगी रमीज ने उन पर राजनीति और परिवार से दूर होने का दबाव





बनाया। रोहिणी आचार्य ने कहा, मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूं... संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था और मैं सारा दोष अपने ऊपर ले रही हूं। रोहिणी का यह कदम पार्टी के भीतर बड़े राजनीतिक तूफान की शुरुआत माना जा रहा है। संजय यादव लंबे समय से तेजस्वी यादव के सबसे भरोसेमंद रणनीतिकार माने जाते हैं और पार्टी की चुनावी दिशा तय करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। लेकिन महागठबंधन की करारी हार के बाद से ही संजय यादव सवालों के घेरे में हैं और रोहिणी आचार्य के आरोपों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी नेतृत्व के भीतर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि इस विवाद के बाद संजय यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

## गुजरात के दौरे पर पीएम मोदी

### अंत्रोली में बन रहे बुलेट ट्रेन स्टेशन का किया दौरा

(एजेंसी) अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) की प्रगति की समीक्षा के लिए गुजरात के सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया। प्रधानमंत्री सुबह सूरत हवाई अड्डे पर उतरे और अंत्रोली क्षेत्र पहुंचे, जहां बुलेट ट्रेन स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की और कार्यों की समीक्षा की। एमएएचएसआर भारत की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है। 'मुंबई–अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर' लगभग 508 किलोमीटर लंबा है। इसमें 352 किलोमीटर हिस्सा गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली में तथा 156 किलोमीटर हिस्सा महाराष्ट्र में आता है। बाद में प्रधानमंत्री मोदी आदिवासी बहुल नर्मदा जिले के डेडियापाडा शहर का दौरा करेंगे जहां वह आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर एक सभा को संबोधित करेंगे। वह 9,700 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। सभा को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री डेडियापाडा से 23 किलोमीटर दूर सागबारा तालुका के देवमोगरा गांव में आदिवासी समुदाय की कुल देवी पंडोरी माता के मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले की अपनी यात्रा के दौरान प्रसिद्ध याहामोगी



देवमोगरा धाम में पांडोरी माता के दर्शन किये। श्री मोदी ने देवमोगरा धाम मंदिर में पांडोरी माताजी के दर्शन, विधि–विधान से पूजा–अर्चना और आरती की। इससे पहले सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने लोकनृत्य के माध्यम से हाथों में तिरंगा लिए उनका भव्य स्वागत किया। सतपुड़ा पर्वतमाला में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह मनमोहक धाम आदिवासी समाज के लोगों की आस्था का केन्द्र है, जिसकी महिमा अनूठी है।

## पुष्कर सिंह धामी बोले, देश में जहां भी चुनाव हो रहे हैं, 'डबल इंजन' लग रहा है

(एजेंसी) देहरादून। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के एक दिन बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि देश में चुनावों के बाद सभी जगह 'डबल इंजन' लग रहा है क्योंकि जनता उसी को सत्ता में ला रही है जो काम कर रहा है। धामी ने यहां देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल में वेनु अग्रहरि धींगड़ा की पुस्तक 'लीडिंग लेडीजकृद न्यू वेव ऑफ फीमेल पालिटीशियन्स इन इंडिया' के विमोचन के मौके पर कहा कि धरातल पर होने वाला काम दिखाई देता है और लोग अब काम करने वालों को ही बार–बार वापस (सत्ता में) लाते हैं। उन्होंने कहा, ''चाहे मैं बिहार की बात करूं या देश में कहीं और की, अब जो काम करेगा, वही आगे (सत्ता में) आ पाएगा।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश में जहां भी चुनाव हो रहे हैं, वहां डबल इंजन की सरकार बन रही है। हरियाणा में डबल इंजन लगा, महाराष्ट्र में तीसरी बार डबल इंजन लगा, मध्य प्रदेश में कई सालों से (डबल इंजन) लग रहा है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली में लगा। गुजरात में तो सालों से है। उड़ीसा में लगा तथा बिहार में सालों से राजग की सरकार है और डबल इंजन लगा है।''उन्होंने कहा कि (केंद्र में) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद से कार्य संस्कृति बदल गयी है। उन्होंने कहा कि आज देश में पारदर्शिता, ईमानदारी और तेज गति से काम हो रहा है जबकि जरूरतमंदों को सहायता मिल रही है। महागठबंधन के बारे में धामी ने कहा कि इसने बिहार में चल रहे विकास कार्यों के साथ ही छठ पर्व का भी उपहास उड़ाया था और जनता ने ''परिवारवाद, व्यक्तिवाद, भ्रष्टाचार, जंगलराज, माफियाराज'' को नकार दिया। एक निजी स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों से भी धामी ने राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में लीडर के रूप में आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने कहा कि अब नये दौर में राजनीति का मतलब बदल गया है और इस क्षेत्र में अच्छी सोच वाले और अच्छा काम करने वाले लोग आगे आने चाहिए। राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ीं और प्रेरणा बनी महिलाओं पर आधारित पुस्तक की लेखिका से मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की महिलाओं पर भी पुस्तक लिखने की अपेक्षा की। धामी ने कहा कि उत्तराखंड के निर्माण से लेकर उसे आगे बढ़ाने तक में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा, ''उत्तराखंड की मातृशक्ति के जीवन की चुनौतियों के बावजूद उनकी जीवटता तथा उनके प्रयासों की कहानी सबके सामने आनी चाहिए।''

## भोपाल में क्षत्रिय करणी सेना का प्रदर्शन, पुलिस ने सीएम हाउस जाने से रोका

(एजेंसी) भोपाल। भोपाल में करणी सेना अपनी 15 मांगों को लेकर खुशीलाल ग्राउंड में विशाल क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन का आयोजन कर रही है। सम्मेलन में करणी सेना परिवार से जुड़े हजारों लोग शामिल हुए। करणी सेना पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया था कि उनकी मांगों को सुनने के लिए दोपहर 2 बजे तक सीएम ऑफिस से कोई अधिकारी पहुंचे। लेकिन शाम 3 बजे तक कोई अधिकारी नहीं आने पर कार्यकर्ताओं ने सीएम हाउस की ओर कूच कर दिया। सम्मेलन के दौरान संभावित विवाद को देखते हुए पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की है। जैसे ही करणी सेना के कार्यकर्ता मैदान से सीएम हाउस की ओर बढ़े, पुलिस ने उन्हें कुछ दूरी पर ही रोक लिया। इसके बाद कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। उनकी मांग है कि ज्ञापन वे पुलिस को नहीं, बल्कि सीएम ऑफिस के किसी अधिकारी को ही सौंपेंगे। इस दौरान करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने कहा हमने सीएम ऑफिस को दोपहर 2 बजे तक किसी अधिकारी को भेजने का अल्टीमेटम दिया था, नहीं तो हम सीएम हाउस कूच करेंगे। उसी क्रम में हम अब ज्ञापन देने सीएम हाउस की ओर जा रहे हैं। यह आंदोलन का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। हमारी मांग है कि हरदा प्रकरण में कलेक्टर और एसपी को निलंबित किया जाए। अभी यह हमारी विनम्र अपील है, आगे देखिएगा हमें भोपाल को नेपाल बनाने में देर नहीं लगेगी। बता दें कि, प्रदेश में क्षत्रिय समाज अब आर–पार की रणनीति पर उतर आया है। समाज की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर ये आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों प्रतिनिधियों और समाजजन पहुंचे हैं।




## विवादों में फिर घिरे सपा विधायक राम अचल राजभर, जबरन जमीन कब्जाने का आरोप

(एजेंसी) अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक पीड़ित ने अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक राम अचल राजभर पर जमीन कब्जाने का गंभीर आरोप लगा है। शिकायतकर्ता राम भजन राजभर ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि विधायक राम अचल राजभर अपने सहयोगियों के साथ उसके घर पहुंचे और उसे धमकाया। विवादित जमीन राम अचल राजभर के महाविद्यालय के पास स्थित है, जिस पर कब्जा कर जबरन बैनामा कराने का दबाव बनाए जाने का आरोप भी लगाया गया है। राम भजन राजभर का कहना है कि विधायक और उनके बेटे संजय राजभर मिलकर उसकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है। मामले के बढ़ने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है, जबकि पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# सम्पादकीय

## पीके हुए नाकाम

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार में बंपर जीत हासिल की है। एनडीए ने 200 से ज्यादा सीटें जीतकर शानदार वापसी की है। वहीं आरजेडी, कांग्रेस और छोटे सहयोगियों सहित महागठबंधन 40 सीटों का आंकड़ा भी नहीं छू सका।


नफीस जाफरी

भाजपा का स्ट्राइक रेट जहां 90 से ऊपर रहा, वहीं जेडीयू ने पिछली बार से दोगुनी सीट हासिल की। मैं अपनी इस संपादकीय में चर्चा कर रहा हूं पीके के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर की तो मालूम हो कि देश के कई राजनीतिक दलों की सफलता में भूमिका अदा करने वाले मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर अपने पहले चुनाव में पूरी तरह नाकाम रहे और उन्हें एक भी सीट हासिल नहीं हुई। मैं नफीस जाफरी आपको यह वैसे, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने कई बार यह कहा था कि उनकी जन सुराज पार्टी 'अर्श पर रहेगी या फर्श पर रहेगी। उनका यह बयान उनके लिए कड़वी हकीकत बन गया। बिहार विधानसभा चुनाव में किशोर ने दो बड़े दावे किए थे। उनका दावा था कि जन सुराज अर्श पर या फर्श पर रहेगी। वहीं, उन्होंने जद (यू) को लेकर भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार की पार्टी 25 सीटें से ज्यादा नहीं जीतेगी। किशोर की अपनी पार्टी के लिए राह बेहद कठिन साबित हुई। जन सुराज पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी। अधिकतर सीटों पर जन सुराज प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है। बिहार में 47 वर्षीय किशोर ने करीब एक साल पहले बिहार भर में महीनों तक चली पदयात्रा के बाद अपनी पार्टी की शुरुआत बड़े जोर–शोर से की थी। हालांकि, किशोर को पिछले साल लोकसभा चुनाव में भाजपा के 300 पार जाने का गलत अनुमान लगाने के लिए आलोचना झेलनी पड़ी थी, लेकिन वह लगातार यह कहते रहे हैं कि भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी आजीविका के लिए संघर्ष करती है, वहां विपक्ष के लिए हमेशा स्थान रहेगा। चुनाव प्रबंधन एजेंसी 'आई–पैक संस्थापक का यह विश्लेषण कि विपक्ष नहीं, विपक्ष की पार्टियां कमजोर हैं। भारतीय राजनीति में उनकी समझ को दर्शाता है। किशोर की रणनीतिक क्षमता से नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, जगन मोहन रेड्डी, उद्धव ठाकरे और एम.के. स्टालिन जैसे नेता लाभान्वित हुए हैं। हालांकि, उनके सभी अभियान सफल नहीं रहे। पद यात्रा, सोशल कैंपेनिंग, नेताओं पर तीखा प्रहार... सब फेल. देश के कई राज्यों में अलग–अलग राजनीतिक दलों को जीत दिला चुके प्रशांत किशोर अपने ही राज्य में पॉलिटकल डेब्यू पर बुरी तरह से फेल हो गए। पीके ने चुनाव से पहले बड़ा माहौल बनाया था। लेकिन वो बिहार में टांय–टांय फिस्स हो गए। हालांकि, किशोर को पिछले साल लोकसभा चुनाव में भाजपा के 300 पार जाने का गलत अनुमान लगाने के लिए आलोचना झेलनी पड़ी थी, लेकिन वह लगातार यह कहते रहे हैं कि भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी आजीविका के लिए संघर्ष करती है, वहां विपक्ष के लिए हमेशा स्थान रहेगा। जन सुराज पार्टी किशोर का पहला राजनीतिक मंच नहीं है। चुनावी रणनीति में उनकी दक्षता से प्रभावित होकर नीतीश कुमार ने 2015 में सत्ता में लौटने के बाद उन्हें कैबिनेट मंत्री के बराबर दर्जे के साथ सलाहकार नियुक्त किया था। तीन साल बाद वह जद (यू) में शामिल हो गए थे। वह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बने, जिससे यह अटकलें तेज हो गई थीं कि नीतीश कुमार उन्हें अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखते हैं। हालांकि, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर जद (यू) की अस्पष्ट स्थिति के खिलाफ मुखर होने पर एक साल के भीतर ही उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया था. निष्कासन के बाद किशोर ने "बात बिहार की" नाम से एक अभियान शुरू किया, जो शुरुआत में ही ठप पड़ गया। ममता बनर्जी के 2021 के चुनाव अभियान को सफलतापूर्वक संभालने के बाद उन्होंने कांग्रेस को "पुनर्जीवित" करने की योजना भी पेश की, लेकिन यह प्रयास भी आगे नहीं बढ़ सका।

# नीतीश कुमार ने क्या खूब अपने आपको साबित किया


गुलफिशा खान

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की गर्दा उड़ाने वाली जीत को लेकर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बेबाक राय रखी है। बडगाम उपचुनाव में पहली बार मिली हार से आहत अब्दुल्ला ने कहा कि बिहार के नतीजे देखकर उन्हें अपनी हालत पर कम दुख होता है। उन्होंने ये भी कहा कि दूसरे राज्यों को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीख लेनी चाहिए।

वहीं बात अब बिहार से लेकर सारे देश को हैरान कर देने वाले नीतीश कुमार की तो मालूम हो कि टाइगर अभी ज़िंदा है–बॉलीवुड की एक लोकप्रिय फ़िल्म का शीर्षक–जदयू नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उस राजनीतिक मुद्रा का सार है जिसमें न कोई थकान है, न ही राजनीति से संन्यास लेने का इशारा। साल 2020 की तुलना में अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का आंकड़ा लगभग दोगुना करने की ओर अग्रसर कुमार के लिए यह नारा सटीक प्रतीक बनकर उभरा है। इस विधानसभा चुनाव में 75 वर्षीय मुख्यमंत्री को बहुत कुछ साबित करना था। उनके खिलाफ थकान, सत्ता विरोधी लहर और खराब स्वास्थ्य की अफवाहें चुनाव से पहले खूब फैलीं। इसी बीच, उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जीविका, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि और सबसे चर्चित 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाश जैसी कई राहतें तेज़ी से लागू कीं। इस रोजगार योजना के तहत एक करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपए पहले ही पहुंच चुके हैं। विपक्ष ने इन्हें 'फ्रीबीज़ बताते हुए उन पर निशाना साधा। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सरकार को 'कॉपीकैट कहा, जबकि प्रशांत किशोर के सहयोगी पवन वर्मा ने इसे "मतदाताओं को रिश्वत" बताते हुए निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नीतीश कुमार इन आलोचनाओं से बेपरवाह रहे। यहां तक कि उनपर उनके विरोधियों द्वारा लगाए गए इस आरोप से भी कोई असर नहीं पड़ा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनके साथ 'शिंदे मॉडल दोहराना चाहती है, जैसे महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व को किनारे किया गया था।

वहीं दूसरी ओर भाजपा ने इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अपनी पूरी चुनावी मशीनरी झोंक दी,नीतीश कुमार ने एक स्थिर और अनुशासित अभियान चलाया. दिलचस्प रूप से, मोदी ने 14 रैलियां और एक रोड शो करने के बावजूद नीतीश



कुमार के साथ मंच केवल सामस्तीपुर की पहली सभा में साझा किया। लेकिन हर जनसभा में उन्होंने 'नीतीश बाबू के कामों की सराहना की और जनता को 'जंगलराज की वापसी से सावधान किया। यहां यह बताते चलें कि नीतीश कुमार ने एक समय राजनीति में आने के लिए बिहार बिजली बोर्ड की नौकरी ठुकरा दी थी। बख्तियारपुर में 1951 में जन्मे नीतीश कुमार का राजनीतिक सफ़र जेपी आंदोलन से शुरू हुआ। उन्होंने 1977 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार मिली. उन्होंने 1985 में पहली जीत दर्ज की.लगभग पांच दशक की राजनीति में बार–बार पाले बदलने के कारण उन्हें 'पलटू राम का उपनाम भी मिला। भाजपा हमेशा सावधान रही है, क्योंकि नीतीश कुमार जितनी सहजता से विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) खेमे में जाने के लिए जाने जाते हैं, उतनी ही सहजता से सत्ता में लौटने का रास्ता भी तलाश लेते हैं। हालांकि इस बार 'इंडिया गठबंधन की भारी हार को देखते हुए किसी और 'लिप–लॉप की संभावना बहुत कम है।

वहीं यह किसी से छिपा नहीं है कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री रहते हुए अपने राज्य की महिलाओं के लिए बहुत काम किए। याद किज़िये आज से 15 वर्ष पूर्व इसी मौसम का दिन जब हमारे गाँव घर के आँगन से निकल कर हमारी बहन बेटी अपने अपने स्कूल ड्रेस में अपनी साइकिल पर सवार स्कूल जाती। वो झुंड की झुंड लड़कियाँ। वक्त आया तो इस बार सूद समेत उन्होंने नीतीश चाचा को ईवीएम के सहारे थैंक्स कहा। अगर आप नीतीश कुमार की पिछले 20 वर्षों की राजनीति देखिए तो वह 'न्याय के साथ विकास पर केंद्रित रही। आखिरकार न्याय की शुरुआत कहां से होती है? कहा जाता है कि न्याय की शुरुआत अपने ही आंगन से निकलती है। नीतीश कुमार ने कुछ नहीं किया उन्होंने सिर्फ लड़कियों को आंगन से बाहर की दुनिया का रास्ता दिखाया। वो यहीं नहीं रुके बल्कि अपने ' न्याय के साथ विकास ' के रथ को अति पिछड़ा समाज में ले गए। तमाम क़ानूनी अड़चन के बाद भी पंचायत और नगर परिषद के सीटों में महिलाओं और अति पिछड़ा समाज के लिए आरक्षण दिया। यह एक क्रांति थी। इनका 'न्याय के साथ विकास का रथ कुछ कदम आगे बढ़ा तो जीविका दीदी की इतनी बड़ी फौज इन्होंने तैयार कर दी जो धर्म और जाति के बंधन को तोड़ नीतीश कुमार को आशा का प्रतीक बनाई। वक्त आया तो ईवीएम के माध्यम से थैंक्स कहा। लेकिन कुछ एक मौकों को छोड़ इन्होंने अपने लव कुश की जोड़ी को हमेशा साथ रखा। इसमें दरार भी आया लेकिन इन्होंने इस बार उस दरार को बड़ी खूबसूरती से टिकट बंटवारा में समुचित जगह देते हुए इनकी नाराज़गी दूर की। स्वयं की जाति और स्वयं का ज़िला तो पिछले 31 सालों से पीछे खड़ा था। अपनी ध र्मनिरपेक्ष छवि के कारण मुस्लिम समाज में भी इन्होंने अपने लिए कोई कड़वाहट नहीं पैदा की। राजनीति में अपने इर्द गिर्द सवर्ण समाज को रखते हैं जिसका संदेश भी जाता है कि 'नीतीश कुमार सबके हैं। राजनीतिक विश्लेषक और कई विपक्षी दल यह भूल जाते हैं कि महिला समाज का हक 50 प्रतिशत है। चुनावी प्रक्रिया में सुधार होते रहने के बाद , बिहार में महिला और अति पिछड़ा दोनों को अपने मन से वोट देने का बल मिलता गया और उनके रास्ते नीतीश कुमार हर कदम पर मुस्कुराते मिले।आपको बता दें कि शराबबंदी एक ऐतिहासिक फैसला था जिसमे घरेलू महिलाओं को बहुत राहत मिली। हालांकि यह फैसला कई बार समाज के कटघरे में आया लेकिन आमजन इससे खुश मिले और खासकर महिला. ऐसे कई फैक्टर रहे जो इस बार नीतीश कुमार के तरफ़ मुड़े क्योंकि तेजस्वी किसी भी ऐसे ज़मीनी मुद्दों को घेर पाने या उसका काट निकालने में असफल रहे। जो कुछ कसर बाक़ी रहा , वह चुनाव पूर्व महिलाओं के खाते में दस हज़ार ने पूरा कर दिया। मेरी नज़र में इस बार भाजपा भी नीतीश के ड्राइविंग मूड का ज्यादा फ़ायदा उठा पाई। क्योंकि जमीनी स्तर पर नीतीश के लोग उनके साथ खड़े थे और अधिकांश को मोदी से भी दिक्कत नहीं थी। बस बन गया नज़ारा। अबकी बार 200 पार।

# बिहार में कांग्रेस की शर्मनाक हार

## अपनों के निशाने पर कांग्रेस


फरीद वारसी







बिहार चुनाव के नतीजों को लेकर महाराष्ट्र के महा विकास अघाड़ी गठबंधन में सहयोगी दलों के बीच तनाव बढ़ गया है। शिवसेना उद्धव गुट और कांग्रेस के नेताओं ने एक–दूसरे पर निशाना साधा है। शिवसेना उद्धव गुट नेता दानवे ने कहा कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने में हुई हिचकिचाहट और सीट–बंटवारे को अंतिम रूप देने में लगे लंबे समय ने गठबंधन को चुनाव में भारी नुकसान पहुंचाया। उनके अनुसार, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा को जनता का जबरदस्त समर्थन मिला था, उसी समय गठबंधन को तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर देना चाहिए था।

वहीं अब बात कांग्रेस की तो बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को करारा झटका लगा है। वहीं महागठबंधन की साथी कांग्रेस सिर्फ 5 सीटें ही जीत सकी है। चुनाव के रिजल्ट को लेकर कांग्रेस में मायूसी छाई हुई है। बिहार में पार्टी की इस हालत का जिम्मेदार कई कांग्रेस नेता नेतृत्व और फैसलों को मान रहे हैं। उनका मानना है कि न तो नेतृत्व सही रहा और न ही फैसले सही से लिए गए, इसी वजह से पार्टी का ये हाल बिहार चुनाव में हुआ है। बिना नाम लिए सभी ने राहुल गांधी को आईना दिखाने की कोशिश की है। बिहार में कांग्रेस नेता .पानंद पाठक ने कहा कि राज्य में ज़िम्मेदार लोगों ने सही जानकारी नहीं दी। उन्होंने सही लोगों के बारे में सटीक जानकारी नहीं जुटाई। चाहे यह गलती से हुआ हो या चूक से, इतनी बड़ी गलती कैसे हो गई? लोग हमसे लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन हमें लगता है कि जिन मामलों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाना ज़रूरी था, उन्हें ठीक से कम्युनिकेट नहीं किया गया। अब उन्हें इस पर ध्यान देना होगा, वरना यह एक गंभीर संकट की वजह बन सकता है। बिहार चुनाव में कांग्रेस के परिणाम को लेकर सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह बात बिल्कुल साफ है कि एनडीए को भारी जीत हासिल हुई है। यह साफ तौर पर निराशाजनक है। इस हार के बाद तो कांग्रेस को गंभीर आत्मचिंतन की जरूरत होगी। इसका मतलब सिर्फ़ बैठकर सोचने से नहीं, बल्कि यह पता करने से है कि उनसे क्या रणनीतिक, संदेशात्मक या संगठनात्मक ग़लतियां हुई हैं। थरूर ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को इस बात का गंभीर विश्लेषण करना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर से जब बिहार चुनाव में कांग्रेस के हाल पर सवाल पूछा तो उन्होंने नाराजी जताते हुए कहा कि पार्टी ने उनको इस लायक समझा ही नहीं कि वह इन सावलों का जवाब दें। उनको तो साइड लाइन कर दिया गया है। इतना ही नहीं उन्होंने तो खुद को कांग्रेस का सीनियर लीडर कहलवाने से ही इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता और पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने कहा कि बिहार में कांग्रेस का ये हाल संगठन की कमज़ोरी को उजागर करता है। एक पार्टी किसी भी चुनाव में अपनी संगठनात्मक शक्ति पर निर्भर होती है। संगठन अगर संगठन हो तो ढंग से काम ही नहीं कर सकता। इससे परिणाम प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी और भी बेहतर उम्मीदवार चुन सकती थी। शायद सही से उम्मीदवार नहीं चुने गए। संगठन को रणनीतिक और समझदारी से काम करना चाहिए था। बिहार में कांग्रेस की दशा के लिए कांग्रेस के सीनियर नेता रहे अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने भी नेतृत्व और फैसलों पर सवाल उठाया। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अब कोई बहाना बनाने, दोष मढ़ने के बजाय अपने भीतर झांककर देखने और सच्चाई को स्वीकारने का समय है। न जाने कितने वफादार और जमीनी कार्यकर्ता, जो हर मुश्किल हालात में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। वह कब तक सफलता के लिए इंतजार करेंगे। पार्टी कुछ ऐसे लोगों के हाथ में है, जो जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं। यही लोग कांग्रेस की दुर्गति के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे तो वह बार–बार असफल ही होते रहेंगे। बिहार के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता शकील अहमद ने कहा कि वह अब पार्टी में नहीं हैं। इसीलिए उनको बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे के तुरंत बाद कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं ने आरोप लगाया था कि गलत कारणों से टिकट बांटे गए। इतना ही नहीं वित्तीय अनियमितताओं और अन्य मुद्दों के भी आरोप लगाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसकी जांच होगी। उन्होंने कहा कि जांच में अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

# डीएम ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ की बैठक

## आकांक्षी ब्लाकों में सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सैचुरेशन की स्थिति की ली जानकारी एवं उनके अनुभवों एवं सुझावों को किया साझा'श

(संवाददाता) प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को संगम सभागार में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग बैठक कर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के द्वारा आकांक्षी विकासखंड– कोरांव में ग्राम पंचायत–खीरी व ग्राम पंचायत कोषफरा कला तथा नगर पंचायत कोरांव और आकांक्षी विकासखंड बहरिया के ग्राम पंचायत–कुसुंगुर, ग्राम पंचायत–छाता के साथ नगर पंचायत फूलपुर में उनके भ्रमण के दौरान इन क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सैचुरेशन की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए उनके अनुभवों एवं सुझावों को सुना।

प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने आकांक्षी ब्लाकों एवं नगर पंचायतों के भ्रमण में सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सैचुरेशन की स्थिति की जानकारी देते हुए इन क्षेत्रों में अभी और किन सुधारों की अभी आवश्यकता है, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि क्षेत्र में लोगो को उपलब्ध हो रही सुविधाओं की स्थिति एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के द्वारा साझा किए गए सुझावों, अनुभवों एवं कमियों को अपने–अपने कार्ययोजना में सम्मिलित कर डाक्यूमेंटेशन करते हुए उनपर कार्यवाही करने निर्देश दिए है। उन्होंने इन क्षेत्रों में ग्राम चौपाल लगाकर दृष्टिगोचर हुई कमियों को दूर कराये जाने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर उपायुक्त स्वत रोजगार अशोक गुप्ता, उपायुक्त श्रम रोजगार गुलाबचंद, अपर संख्या अधिकारी सुभाष चंद्र स्वर्णकार एवं रंजन लाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आशुतोष ने मारी बाजी

(संवाददाता) प्रयागराज। केंद्रीय राज्य पुस्तकालय व इलाहाबाद लाइब्रेरी फोरम की ओर से आयोजित पुस्तकालय सप्ताह के तहत शनिवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। जीआईसी के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में आशुतोष मिश्रा प्रथम, अविरल खरे द्वितीय और युवराज उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहे। संयोजन उप–पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. विष्णु श्रीवास्तव, संचालन रूशी श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। पुस्तकालय अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, श्याममूर्ति शुक्ल, डॉ. सुग्रीव सिंह, सविता सिंह, रेखा सिंह, सरोज सिंह, विपुल कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सुनयना जायसवाल के घुंघरूओं की खनक से तालियों से गूंज उठा आइडोटोरियम

## तीन ताल कथक के शानदार प्रदर्शन को आडियंस ने खूब सराहाख्भारतीय सांस्कृति परिषद एवं भातखडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित भव्य 'सांस्कृतिक संध्या' कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न

(संवाददाता) लखनऊ। भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद और भातखंडे संस्.त विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भव्य 'सांस्.तिक संध्या' का कार्यक्रम शानदार तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारतीय कला, नृत्य, संगीत और संस्.ति की विविध छटाएँ एक मंच पर देखने को मिलीं। शाम 6–30 बजे प्रारंभ हुआ कार्यक्रम लगातार दर्शकों को मंत्रमुग्ध करता रहा। मंच पर कलाकारों ने कथक, लोकनृत्य, गान, वादन, तबला, सारंगी, पखावज जैसी कई विधाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में




सुनयना जायसवाल एवं प्रमुख कलाकारों ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी वहीं गायन, सारंगी, तबला की प्रस्तुति ने वातावरण को सुर और ताल से भर दिया।

दर्शकों ने बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय संस्.ति की गहराई, सौंदर्य और संवेदनशीलता को करीब से महसूस कराने वाला रहा। कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि भारतीय कला की परंपरा आज भी उतनी ही प्रासंगिक और जीवंत है। संपूर्ण आयोजन शिष्टापूर्ण, गरिमापूर्ण और कला–संवर्धन की .ष्टि से अत्यंत सफल रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी कलाकारों और आयोजकों ने धन्यवाद किया।

# पीएमश्री विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार व शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्या अंजू श्री द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विभिन्न



खेल प्रतियोगिताओं तथा द्वितीय दिवस में फैन्सी ड्रेस एवं सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिवस आयोजित हुई खेल प्रतियोगिताओ के अंतर्गत खोखो प्रतियोगिता में टीम ए विजयी रही, बैडमिंटन प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में शीरीन एवं सीनियर में अनुष्का, लूडो प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में दीपाली तथा सीनियर वर्ग में साक्षी व कैरम प्रतियोगिता में तमन्ना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में खुशी विजेता रही तथा दौड़ प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में अदिति एवं सीनियर वर्ग में नीलम प्रथम स्थान पर रही। सांस्तिक कार्यक्रम के अन्तर्गत एकल नृत्य जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में जोया तथा सीनियर वर्ग में नीलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में उन्नति एवं वैष्णवी कुमारी व सीनियर वर्ग में अनुष्का एवं कुअनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फैन्सी ड्रेस प्राइमरी वर्ग में इल्मा, जूनियर में शीरीन एवं सीनियर वर्ग में इकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की सभी विजेता छात्राओं को प्रधानाचार्या द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। दरख्शा हसन, सुमिता श्रीवास्तव, पूनम सहाय, सीमा यादव व शमा परवीन ने निर्णायक की भूमिका निभाई व कार्यक्रम का संचालन ऋचा पोरवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उषा यादव, निशा गौतम, मिताली शुक्ला एवं निधि ा द्विवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन की टीम ने प्रतिष्ठान का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि जन शिकायत तथा जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा स्थान हकीकतपुरा (नेशनल स्कूल के पास) स्थित वसीम पुत्र शशकील, निवासी तमड़िया, पो० राजपुर, थाना–डिलारी, जनपद–मुरादाबाद, के मुर्गी का अण्डा विक्रय प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कुल 74 कैरट मुर्गी का अण्डा (कुल 2160 अण्डे), एक टीन में लगभग 14 लीटर चायपत्ती का घोल तथा 04 पैकेट चायपत्ती, ब्राण्ड ताजा भण्डारित पाया गया। श्री वसीम से पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि चायपत्ती का घोल तैयार कर उसमें मुर्गी का अण्डा को डालकर उसके उपरी परत का रंग गाढ़ाकर देशी मुर्गी का अण्डा के रूप में विक्रय किया जाता है। निरीक्षण के दौरान अण्डो की संदिग्धता को देखते हुये मुर्गी का अण्डा का नमूना, चायपत्ती के घोल का नमूना तथा चायपत्ती, ब्राण्ड ताजा का नमूना संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला को जांच हेतु प्रेषित कर दिया गया है। मौके पर प्रतिष्ठान में शेष बचे कुल 72 कैरट मुर्गी का अण्डा, मुल्य 15,120 को सीज करते हुये मकान मालिक मुमताज अहमद पुत्र मकबूल अहमद, निवासी–डोमनपुरा, पो०–मऊनाथ भंजन, थाना–दक्षिणटोला की सुरक्षित अभिरक्षा में सौंप दिया गया। प्रयोगशाला से जाच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट सिद्ध पाये जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जायेगी। जांच दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह यादव एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत कुमार त्रिपाठी, उपस्थित रहे।

# बाल दिवस के अवसर पर स्पेशल बच्चों ने मनाया पिकनिक

(संवाददाता) प्रयागराज। भाविनी डे केयर के स्पेशल बच्चे, टीचर्स एवं अभिभावकों ने मिलकर बाल दिवस के अवसर पर भारद्वाज आश्रम पार्क में बड़े ही उत्साह से पिकनिक मनाया। इनरव्हील क्लब ईस्ट ने भी बच्चों के साथ चिल्ड्रेस डे को सेलिब्रेट किया। क्लब की तरफ से बच्चों को खेलकूद की सामग्री एवं खाने, पीने की सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। बच्चों ने खूब आनंद उठाया। क्रिकेट पासिंग द बॉल, अंताक्षरी, झूला झूलना आदि खेल में खूब मस्ती की। संस्था की सचिव पूनम सिंह ने इनारव्हील क्लब के सभी मेंबर्स को इस कार्यक्रम में शामिल हो कर इस कार्यक्रम को और सुन्दर और प्रभावी बनाने के लिए धन्यवाद दिया। आगे भी क्लब से ऐसे ही सहयोग की आशा ब्यक्त की। कार्यक्रम में आधुनिक समाचार की प्रदेश सचिव श्वेता साहू के द्वारा भी बच्चों को नाश्ता दिया गया। विशेष सहयोग सुनीता मिश्रा, पुष्पा भारतीय, मुस्कान मिश्रा, शीलू सोनकर, कृष्णा, शशि भारतीय और डॉ छविराज का रहा।

# दिल्ली धमाकों में निर्दोष नागरिकों की मृत्यु पर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने व्यक्तकी गहरी सवेदना

(संवाददाता) लखनऊ। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद मतीन ख़ान ने दिल्ली स्थित



लाल किला के पासें हुए भयावह बम धमाकों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे देश की अमन, एकता और इंसानियत पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि इन आतंकवादी घटनाओं में जिन निर्दोष नागरिकों की जानें गईं, उनके परिवारों के प्रति हम गहरी संवेदना और हमदर्दी प्रकट करते हैं। डॉ. मतीन ख़ान ने कहा कि ऐसे कायराना हमले किसी मज़हब या इंसानियत के दुश्मन ही कर सकते हैं। देश के हर नागरिक को शांति, भाईचारे और एकता के साथ इस मुश्किल घड़ी में एक–दूसरे का साथ देना चाहिए। उन्होंने केन्द्र की सरकार से मांग की कि हमले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाए और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा दी जाए। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने अपील की है कि अफवाहों से बचें और देश की एकता, आपसी भाईचारे और गंगा–जमुनी तहज़ीब को मजबूत बनाए रखें।

# डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

## - शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम
## - समाधान दिवस पर खिले चेहरे, योजनाओं की सौगात ने बढ़ाई खुशियाँ

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मोहम्मदी के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का



सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व–पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। इस समाधान दिवस में कुल 76 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजी.त हुए, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 42, पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग की 08, विद्युत विभाग की 04, नगर निकाय की 03, आपूर्ति और गन्ना 02–02, समाज कल्याण, नलकूप, बालविकास पुष्टाहार, लोक निर्माण 01–01 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम चलुवराजू आर, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, सीओ मोहम्मदी सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस पर खिले चेहरे, योजनाओं की सौगात ने बढ़ाई खुशियाँ संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का साक्षी बना। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने मंच से स्वयं लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सौंपा। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थी विमला, राजपाल, सुरती, पवन शबनम को स्वी.ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत सविता गुप्ता, रिंकी राठौर, गीता देवी, मीरा देवी को हितलाभ प्रमाण पत्र सौंपे गए और राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी रामदेवी, सीता देवी, सत्यवती को पेंशन स्वी.ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# स्वच्छता के कर्मठ सिपाहियों को समाजसेवी ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। ब्लॉक सभागार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पंचायत सफाई कर्मियों को उनके



बेहतर कार्य शैली को आकते हुए समाजसेवी विकास सिंह द्वारा सम्मान से नवाजा गया। बृहस्पतिवार को ब्लॉक सभागार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव उर्फ पप्पू के नेतृत्व में 140 महिला व पुरुष सफाई कर्मी एकत्रित हुए इन्हीं सफाई कर्मियों द्वारा राज स्तरीय कार्तिक पूर्णिमा मेला में सफाई व्यवस्था के नजरिए से बेहतर कार्य करने को लेकर समाजसेवी विकास सिंह द्वारा सभी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव द्वारा समाजसेवी विकास सिंह का भी माला पहनाकर सम्मान किया गया।

विकास सिंह ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहां ईश्वर भी निवास करते हैं। स्वच्छता के कार्य में जो अपना सबसे ज्यादा योगदान दे रहे हैं वह सफाई कर्मचारी हैं बिना समय की परवाह किए सफाई करने वाले ही ऐसे महिला व पुरुष कर्मचारी है जो सड़कों नालियों एवं नालों की सफाई व्यवस्था में जुटे नजर आते स्वच्छता के कर्मठ सिपाहियों का सम्मान करना लाजिम बनता है। सफाई कर्मचारी ही हर रोज सुबह दूसरों के घरों के आसपास सफाई करते हैं। एक देश का सच्चा नागरिक होने के नाते हमारा भी या फर्ज बनता है कि हम लोग भी सफाई का ख्याल रखें। राजन सिंह ने कहा कि सफाई कर्मी देश के अंदर से गंदगी रूपी राक्षस को भागते हैं यह कहना गलत नहीं होगा कि सफाई कर्मी स्वच्छता अभियान के सच्चे प्रहरी हैं। उन्हीं के प्रयासों से देश को स्वच्छ रखने में मदद मिलती है। जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने कहा कि यह देखकर काफी खुशी हुई कि समाजसेवी विकास सिंह द्वारा ऐसे तबके का सम्मान किया गया जिनके सम्मान के बारे में कोई नहीं सोचता। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अशोक सचान, एडीओ पंचायत कैलाशनाथ पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, प्रेमचंद यादव, पूर्णिमा सिंह, मीनू मिश्रा, सुषमा वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री दिनेश प्रकाश, राकेश कुमार, अनूप मिश्रा, सभासद राहुल यादव, समाजसेवी जतन पाठक, मनमोहन यादव, रौनक जायसवाल, विनय प्रताप सिंह, ऋतिक जायसवाल उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल दिवस

## - प्रतियोगिताएं में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर लिया भाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। मीरानपुर कटरा में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्वामी नँद किशोर बाल विद्यालय, एसएसडीएन पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जंयती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। प्रार्थना सभा मे चाचा नेहरू के चित्र पर छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित की गई। विद्यार्थियों को चाचा नेहरू के जीवन और उनके योगदान के प्रति भाषण और कविताएं प्रस्तुत की। बाल दिवस पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के रचनात्मक स्टाल लगाए गए। जिसमें कला एवं शिल्प, हस्तनिर्मित वस्तुएं खाद्य स्टॉल आदि लगाए गए। इस मौके पर विद्यालय में आयोजित



चित्रकला निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हरियाणा कर कुं0 सीमा परवीन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पंडित नेहरू अपने कुशल नेतृत्व से विश्व भर में भारत का नाम रोशन किया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वप्रदर्शी के साथ एक कर्मयोगी प्रधानमंत्री थे। जिन्होंने भारत के लिए प्रगति की लंबी लकीर खींची थी। वह मानते थे कि देश को महान बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। तो वहीं दूसरी ओर ग्राम सिउरा स्थित चेतराम सिंह इंटर कॉलेज में बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन सुकेश कुमार गुप्ता, पुनीत कुमार गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि सुकेश कुमार गुप्ता, पुनीत गुप्ता द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से राजवीर सिंह, मटरू सिंह, हरि शरण, रोहिताश सक्सेना, कमलेश सिंह, इंद्रेश गुप्ता, अरुण गंगवार आदि मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेले का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को आगे की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न प्रोफेशनल क्षेत्रों में अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मेले में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए कैरियर पोस्टर, मॉडल और विभिन्न शैक्षणिक उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए, जिनमें सरल भाषा में महत्वपूर्ण करियर तथ्य दर्शाए गए थे। स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के बाद मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पांजना पुरवार ने मेडिकल, नर्सिंग, फार्मा एवं साइंस क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण और निरंतर अभ्यास का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने शिक्षक, प्रवक्ता एवं अन्य शैक्षिक पदों के लिए आवश्यक योग्यता, बीएड, बीटीसी, टीईटी, सीटीईटी जैसी परीक्षाओं तथा चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य ने छात्राओं को सही करियर चयन की प्रक्रिया, रुचि पहचान, डिजिटल सुरक्षा, आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय तथा भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त बनने के मार्गों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आज की बालिकाएँ सामाजिक क्षेत्र, मीडिया, कानून, प्रशासन, शिक्षा और हेल्थ सेक्टर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान पीएलवी




लालमन बाथम ने विधिक सेवा प्राधिकरण की सुविधाओं और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी छात्राओं को दी। सांस्तिक कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर भारतीय कला और संस्ति को जीवंत रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य प्रज्ञा की अध्यक्षता में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता निधि सिंह, सहायक अध्यापक प्रतिभा सिंह, अनिता गौतम, प्रीति सिंह, संध्या बावरिया, गायत्री, समीना, प्रवीण, सुरभि, स्नेहलता, शशि प्रभा गुप्ता, नितिन कुमार, सचिन जैन, योगेश कुमार तोमर, अंशु आदि का विशेष सहयोग रहे। बड़ी संख्या में छात्राएं व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# घूसखोरी का ऑडियो वायरल होते ही दरोगा सस्पेंड

## – महिला से बोला– 10–5 हजार जो अच्छा लगे, ले आना

न्यूज वाणी ब्यूरो

महमूदाबाद, सीतापुर। एक सब–इंस्पेक्टर (दारोगा) का रिश्वत मांगते हुए एक ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। ऑडियो में दरोगा एक पीड़ित महिला से मोबाइल पर बातचीत करते हुए कार्रवाई के बदले 10–5 हजार जो तुम्हें अच्छा लगे, लेती आओ कहता सुनाई दे रहा है। ऑडियो वायरल होते ही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने तत्काल एक्शन लिया और आरोपी



दरोगा इम्तियाज खान को निलंबित कर दिया। मामले की जांच महमूदाबाद के सीओ को सौंपी गई है।

मामला सैदपुर थाने से जुड़ा है, जहां सब–इंस्पेक्टर इम्तियाज खान तैनात थे। शिवपुर देवरिया गांव की शोभावती देवी ने बताया कि उनके बेटे दीपक की गांव के ही अमन राजपूत ने घर में घुसकर बुरी तरह पिटाई कर दी, जिससे उसका सिर फूट गया। शोभावती का आरोप है कि शिकायत के बावजूद थाने में उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। बहुत मिन्नतें करने के बाद मुकदमा तो लिखा गया, लेकिन इसके बाद दरोगा इम्तियाज खान ने पैसों की डिमांड शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि दरोगा रोज उनके घर आकर पैसे नहीं देने पर केस खत्म करने की धमकी देने लगे। सामने आए 39 सेकंड के ऑडियो में महिला, दरोगा से अपने बेटे पर हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई की गुहार लगाती है और कहती है, जो खर्चा लगे बताइये, हम दे देंगे। इस पर दरोगा कहता है ठीक है शाम तक आ जाओ। महिला ठीक है शाम तक आ जाएंगे लेकिन पैसे तो बताओ। दरोगा अरे जो इच्छा हो, जो मन हो ले आना, 10–5 हजार रुपए। महिला 5 हजार ले आएं? दरोगा जो अच्छा लगे, इंतजाम कर लो, शाम तक ले आओ। महिला ने 5 हजार रुपए लेकर शाम तक आने की बात कहकर कॉल खत्म कर दी। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं बताया जा रहा है कि महिला या उसके परिवार के किसी सदस्य ने बातचीत का यह ऑडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। ऑडियो सामने आने के बाद एसपी अंकुर अग्रवाल ने इसे गंभीरता से लिया। एसपी ने कहा कि पुलिस कर्मियों पर लगे इस तरह के आरोप बेहद गंभीर हैं। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुष्टि की कि दरोगा को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। आगे की कार्रवाई फिलहाल, सीओ महमूदाबाद को जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। पुलिस महकमे की किरकिरी कराने वाले इस मामले में दरोगा इम्तियाज खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# प्रेम प्रसंग में डॉक्टर मोनू ने दी जान

## - सिधौली में जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। जिले के सिधौली कस्बे में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां महज 25 वर्षीय डॉक्टर मोनू ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। डॉक्टर मोनू का शव शनिवार सुबह उनके किराए के कमरे में मृत अवस्था में मिला। पुलिस प्रथम .ष्टया इस मामले को प्रेम प्रसंग से जुड़ा मान रही है। हरगांव के थे निवासी हरगांव थाना क्षेत्र के गणेसुआ पोस्ट गुर्तफा निवासी डॉ. मोनू पुत्र राजेंद्र प्रसाद सिधौली के मोहल्ला नरोत्तम नगर दक्षिणी में किराए के मकान में अकेले रहते थे और वहीं एक निजी क्लिनिक चलाते थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। शनिवार सुबह जब उनका शव कमरे में मिला, तो पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही मोनू की मौत हो चुकी थी। आत्महत्या से पहले



प्रेमिका को भेजा था वीडियो! सूचना मिलते ही सिधौली कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तत्काल फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया और गहन जांच शुरू की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम .ष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग से संबंधित प्रतीत होता है। पुलिस इस दिशा में गहनता से जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, आत्महत्या जैसा कदम उठाने से पहले मृतक डॉ. मोनू ने अपनी प्रेमिका को एक वीडियो बनाकर इस बारे में जानकारी भी दी थी। पुलिस अब इस वीडियो और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

# गरीब बच्चों को बांटा खाने का सामान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। श्यामल सेवा समिति ने बाल दिवस के अवसर पर काशीराम कॉलोनी आरटीओ ऑफिस के पास गरीब असहायों बच्चों को खाने का सामान वितरित



किया। बच्चों के चेहरे खुशी खिल पड़े, वहीं संस्था की अध्यक्ष श्यामला पांडे ने बताया कि पर संस्था के द्वारा गरीब असहायों बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया गया और खाने की वस्तु भी प्रदान की गई। वितरण करने के दौरान प्रीति शर्मा, स्नेहलता पांडे, विमलेश चौधरी, प्रेमलता, अलका शुक्ला, किरण सुवास, नेहा, माला, मनु कुशवाह मौजूद रहीं।

# तहसील घोसी के संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने की जनसुनवाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील घोसी में हुआ। जनसुनवाई के दौरान कुल 50 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 03 शिकायतों के निस्तारण हेतु मौके पर टीम भेजी गई। आज प्राप्त कुल शिकायतों में से राजस्व विभाग की 28, पुलिस विभाग की 11 एवं शेष अन्य विभागों से संबंधित थी। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा। विशेष कर राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु उन्होंने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर शिकायत को निस्तारित करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर शिकायत का समय बद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए जिससे आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें और पीड़ितों को न्याय दिलाने में लापरवाही ना करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक इलामरन, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

## – डीएम ने बिरसा मुंडा के चित्र पर किया माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा की जयंती तहसील घोसी में मनाई गई। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी और उपनिवेशवाद विरोधी बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में भारत में हर साल 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। बिरसा मुंडा का जन्म 1874 में हुआ था। वर्ष 2024–25 को उनके जन्म के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान जिला उप जिलाधिकारी घोसी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास रश्मि मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

# लेखपालों का धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को सौंपा 30 पृष्ठीय ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देश पर आज तहसील समाधान दिवस के दौरान तहसील



परिसर में लेखपालों ने जोरदार धरना–प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस प्रदर्शन की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने की। लेखपाल संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों जैसे वेतन उच्चीकरण, पदोन्नति, एसीपी विसंगति, भत्तों में वृद्धि और अंतर–मंडलीय स्थानांतरण आदि पर शासन की उदासीनता और निरंतर उपेक्षा के विरोध में यह आंदोलन किया गया। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष किश बुंदेला, जिला मंत्री रविंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष गोविंद शुक्ला सहित अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लेखपाल उपस्थित रहे। धरना समाप्ति के बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित 30 पृष्ठीय विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें सभी मांगों का ब्योरा दिया गया। प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्णयानुसार, यदि मांगों पर सकारात्मक समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की अगली रूपरेखा तय की जाएगी।

# 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ की पूर्णाहुति शेष, महिमा विशेष

## - यजमान ही नहीं, देवता भी महायज्ञ की दिव्यता के दर्शन करने पधारेंगे

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रामलीला मैदान स्थित हिन्दू हॉस्टल के विशाल प्रांगण में हो रहे 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के आठवें दिन इस पावन



अनुष्ठान का एक और दिव्य दिवस अपने सम्पूर्ण वैदिक सौंदर्य के साथ पूर्ण हुआ। शनिवार को भी तीनों पालियों का हवन विधिवत संपन्न हुआ। मंत्रों की गंभीर अनुगूँज, अग्नि की स्वर्णिम लपटें, आचार्यों का सामूहिक स्वाहा–स्वर और यजमानों की श्रद्धा से भरी आहुतियाँ सम्पूर्ण इष्टिकापुरी आज भी उसी दिव्यता में डूबी रही, जिसमें यह महायज्ञ प्रारंभ हुआ था। 16 नवंबर रविवार को पूर्णाहुति का दिन है। जिसकी विशेष महिमा है और जो लोग अब तक हवन करने नहीं आ पाए, वे भी पूर्णाहुति डालकर अपने जीवन को धन्य बनाने का पुण्य लाभ कमाएंगे।

सात नवंबर को प्रायश्चित कर्म और नांदीमुख श्राद्ध जैसे संस्कारों के साथ यह महामहोत्सव प्रारंभ हुआ था। वह केवल एक अनुष्ठान का आरंभ नहीं था, बल्कि एक आध्यात्मिक जागरण का उद्घोष था। उसी दिन ब्रह्मचारियों के यज्ञोपवीत संस्कार, आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार और नगरवासियों के प्रायश्चित कर्म ने इस भूमि को फिर से ऋषियों जैसी तपोभूमि में रूपांतरित कर दिया था। फिर क्रमवार वेदी–पूजन, मंडप–प्रवेश, अरण्य मंथन द्वारा अग्नि देव का प्राकट्य और उसके पश्चात प्रतिदिन की तीन–तीन पालियों का निरंतर हवन प्रत्येक दिन इष्टिकापुरी की चेतना को नई ऊँचाई देता गया। इन दिनों में करोड़ों आहुतियाँ अग्नि के हवाले हुईं हर आहुति केवल घृत नहीं थी,वह किसी न किसी परिवार की इच्छा, किसी माँ की प्रार्थना, किसी पिता का संकल्प, किसी युवा की दिशा, किसी वृद्ध का आशीर्वाद थी। अग्नि ने सबको स्वीकार किया और यज्ञमय वातावरण ने पूरे नगर को घेर लिया। आज इष्टिकापुरी में जो शांति, जो दिव्यता, जो आनंद तैर रहा है वह यज्ञ की तपश्चर्या का ही प्रसाद है और अब रविवार को इस महायज्ञ की पूर्णाहुति है। यह वह क्षण है जिसकी प्रतीक्षा केवल यजमान ही नहीं, बल्कि देवगण भी कर रहे हैं। पूर्णाहुति केवल अंतिम आहुति नहींयह पूरे अनुष्ठान का निष्कर्ष, इसका फलन, इसकी ऊर्जा का प्रस्फुटन है। रविवार को सुबह 8 बजे की पाली के उपरांत प्रातः 11 बजे से पूर्णाहुति प्रारंभ होगी और इस पवित्र अवसर पर हर एक इष्टिकापुरी वासी, हर सनातनी, हर श्रद्धालु को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना चाहिए। जो अब तक नहीं आ सके कल का दिन उनके लिए अवसर है। जो आ चुके आज का दिन उनकी साधना का समापन है। जो तलाश में हैं कल का दिन उनकी राह दिखाएगा। पूर्णाहुति में सम्मिलित होना सौभाग्य नहीं, पुनर्जागरण है। यही वह समय है जब आप स्वयं को यज्ञ के समक्ष समर्पित कर सकते हैं अपने जीवन, अपने परिवार, अपने नगर और अपनी भावनाओं को इस दिव्य ऊर्जा के आगे अर्पित कर सकते हैं। हर सनातनी को, हर घर को, हर परिवार को कल इस महायज्ञ में आकर कम से कम एक आहुति अवश्य डालनी चाहिए। क्योंकि संभव है कि यह अवसर सदियों में एक बार ही किसी को मिलता है। इष्टिकापुरी का यह महोत्सव अब अपने चरम पर है। रविवार को जब पूर्णाहुति की ध्वनि आकाश में गूँजेगी, तब यह नगर केवल इटावा नहीं रहेगा, यह वैदिक भारत की पुनर्जागृत आत्मा बन जाएगा। आइए हम सब इस दिव्य क्षण के साक्षी बनें। स्वाहा की एक ध्वनि हमारे जीवन की दिशा बदल सकती है। शुक्रवार की शाम को समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने यज्ञ स्थल पर आकर यज्ञ शाला की परिक्रमा लगाई तथा यज्ञाधीश रामदास जी महाराज से आशीर्वाद लेकर अखंड धूना में आहुति भी डाली।

# लेखपालों ने तहसील में धरना देकर सीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। विगत नौ वर्षों से शैक्षणिक योग्यता,



पदनाम परिवर्तन, प्रारम्भिक वेतनमान उच्चीकरण, मृतक आश्रितों की पेंशन विसंगति, स्टेशनरी भत्ता वृद्धि, मोटरसाइकिल भत्ता, विशेष वेतन भत्ता सहित विभिन्न मांगों के लंबित रहने पर आज प्रदेशभर में लेखपालों ने तहसील मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना दिया।

डलमऊ तेखपाल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में तहसीलदार मंजरी सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। लेखपाल ने बताया कि शासनादेशों एवं सैकड़ों पत्राचार के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। संघ ने कहा कि 3000 से अधिक लेखपाल अपने परिवारों से दूर भय और तनाव में नौकरी कर रहे हैं, जबकि 2018 में जारी अन्तर्मण्डलीय स्थानांतरण आदेश के अनुसार ऑनलाइन आवेदन लेने के बाद भी सूची जारी नहीं की गई है। संघ ने राजस्व निरीक्षक पदों पर डीपीसी लंबित होने, अधिकारियों द्वारा मासिक बैठक न करने तथा समस्याओं को न सुनकर दबाव बनाने जैसी शिकायतें भी उठाई। 5 अक्टूबर 2025 की प्रांतीय बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया गया था। 1 नवम्बर को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया और समस्याओं के न सुलझने पर आज 15 नवम्बर से धरना शुरू किया गया। संघ ने प्रारम्भिक वेतनमान ग्रेड पे 2800 (लेवल–5) लागू करने, तकनीकी संवर्ग घोषित करने सहित सभी लंबित मांगों पर सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, प्रवीण कुमार, सत्य प्रकाश, रुद्र प्रकाश पटेल, दिनेश चौरसिया, प्रशांत मिश्रा, हरिओम त्रिपाठी, आशीष सैनी, विकास यादव, सुनील कुमार, वीरेंद्र सिंह, करुणेश मौर्य, मनोज पाल, नम्रता सिंह, समरीन बानो समेत अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

# पांच किलोमीटर पद यात्रा निकाल मीठे गांव में की भव्य जनसभा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिल्कीपुर, अयोध्या। विधायक चन्द्रभानु पासवान के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर इनायतनगर क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देते हुए पांच किमी लंबी भव्य पद यात्रा निकाली गई। जो मीठे गांव में विशाल जनसभा के साथ संपन्न हुई।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने एकजुट भारत के निर्माता लौहपुरुष पटेल के योगदान को नमन किया। इनायतनगर ब्लॉक मुख्यालय से प्रारंभ हुई यह यात्रा पासवान के नेतृत्व में उत्साह, राष्ट्रभक्ति और जनसमर्थन के वातावरण में आगे बढ़ी तथा मीठे गांव पहुंचकर विशाल सभा में परिवर्तित हुई। सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष पर जनभागीदारी के साथ यह आयोजन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। कार्यक्रम में मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, वरिष्ठ नेता राघवेंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि आज हम देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मना रहे हैं। वे स्वतंत्र भारत के वास्तविक निर्माता थे। उनकी दूर.ष्टि और .ढ़ इच्छाशक्ति के कारण ही 562 रियासतें एकजुट होकर अखंड भारत का निर्माण हुआ। देश सेवा



के लिए उनका समर्पण अद्वितीय था। नेताओं ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान के चलते सरदार पटेल को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जो राष्ट्र की ओर से एक महान विभूति को श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के अंत में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और राष्ट्रीय एकता, भाईचारे व समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए समारोह का समापन किया गया।

# तुर्रा के किसान का तीसरे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अतर्रा तहसील अंतर्गत तुर्रा गांव में एक बुजुर्ग किसान गोरेलाल त्रिपाठी ने तहसील प्रशासन की अनदेखी के चलते आमरण अनशन शुरू कर दिया है। गोरेलाल त्रिपाठी का आरोप है कि एसडीएम राहुल द्विवेदी ने कोर्ट के आदेश को ठंडे बस्ते में




डाल दिया है और तहसील प्रशासन के इशारे पर दबंगों द्वारा उनकी जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है।

मामले में बुजुर्ग किसान गोरेलाल त्रिपाठी ने एसडीएम राहुल द्विवेदी, कानूनगो और लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सिविल कोर्ट के स्टे और मुकदमा हाईकोर्ट में विचाराधीन होने के बाद भी तहसील प्रशासन दबंगों के साथ मिलकर उनकी जमीन पर अवैध निर्माण करा रहा है। जिलाधिकारी ने मामले में कार्रवाई के लिए दूरभाष पर एसडीएम को निर्देशित किया था, लेकिन एसडीएम ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद बुजुर्ग किसान गोरेलाल त्रिपाठी ने ऐतिहासिक अशोक लाट पर 13 नवंबर से आमरण अनशन शुरू कर दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# वीरांगना उदा देवी पासी की शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर हुई संतोष्ठी



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की महान नायिका माता वीरांगना उदा देवी पासी जी की शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन छीता पासी किला प्रांगण मेंमहेश प्रसाद संगठन अध्यक्ष की अगुवाई में किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता चंद्रभाल राजवंशी द्वारा की गई। सभा का संचालन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने किया। इस संगोष्ठी मेंसमाज के सैकड़ोंसमाजी कार्यकर्ताओंने प्रतिभाग किया। सभी ने माता वीरांगना उदा देवी पासी जी और महाराज छीता पासी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया। संगोष्ठी को आरएस प्रबुद्ध, कढ़िले राम प्रधान, मनोज कुमार राजवंशी, मुन्नी देवी, संतोष भार्गव, सुनीता मौर्य, प्यारेलाल राजवंशी जेलर, राम अवतार आदिम, प्रमोद राजवंशी, संत कुमार भार्गव, गया प्रसाद, राम लोटन, श्रीराम राजवंशी, भगवती प्रसाद, राकेश राठौर, रमेश भार्गव, गायक रामवली, सन्त कुमार भार्गव, गया प्रसाद, डॉ श्रीराम राजवंशी, देवी प्रसाद, नीलू राजवंशी आदि वक्ताओंने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने वीरांगना उदा देवी पासी के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला।

# बच्चों का होना चाहिए बेहतर ढंग से सम्मान : कंचन तिवारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। शल्यक अस्पताल के परिसर में अवस्थित तत्वबोध इंटर कॉलेज एवं सेंट्रल पब्लिक स्कूल परिसर में बाल दिवस का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। बाल दिवस कार्यक्रम में ऐकेडमी की प्रबंधक कंचन तिवारी ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस हमें यह स्मरण दिलाता है कि हमें बच्चों का बेहतर



ढंग से सम्मान करना चाहिए। बाल दिवस के दिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि बच्चे केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि अन्य प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करते हुए आगे बढ़ें, और उनका मनोबल बढ़ाएं। बच्चों की उनकी हर छोटी–छोटी खुशियों में उनका साथ दें। अंत में यही कहूंगी कि बच्चों के बिना दुनिया अधूरी है। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संरक्षक डॉ एससी तिवारी प्रिंसिपल संतोष पांडेय, अनुराधा मिश्रा, वंदना राय, रीमा सिंह, रंजन राय इत्यादि उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते हैं। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैंसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P — हाजी खालिक अहमद जाफरी, सम्पादक कार्यालय हेतु, 9415065213 — एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयन्ती

## - ब्लाक मुख्यालय मिहीपुरवा में आयोजित हुआ समारोह

## - प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आदिवासी अस्मिता, उपनिवेशवाद के विरोधी, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, स्वायत्तता और संस्कृति के प्रतीक भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती विकास खण्ड मिहींपुरवा के सभागार में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि मिश्रीख सांसद अशोक रावत ने विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड, विधायक बलहा सरोज सोनकर, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम थारू ने अंग वस्त्र भेंटकर तथा भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजाति समाज के बच्चों द्वारा थारू संस्.ति पर आधारित स्वागत गीत सहित विभिन्न सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। माधवपुर प्रधान प्रतिनिधि प्रेमचंद राजभर ने अपनी टीम के साथ एक सांस्.तिक कार्यक्रम लोकगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अशोक रावत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी, आदिवासी अस्मिता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जो त्याग, संघर्ष, और योगदान दिया है, वह अविस्मरणीय और अतुलनीय है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सांसद डा. आनंद गोंड, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, बलहा विधायक सरोज सोनकर तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम थारू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, जनजाति समाज की महिला नेत्री माधुरी, धनश्याम थारू, केशवराम थारू, श्रवण कुमार, सुरेश कुमार, दीपक चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में जनजाति समाज के लोग तथा काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान देदियापाड़ा गुजरात मेंआयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने सांसद डॉ आनन्द कुमार गोड़, विधायक बलहा सरोज सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य के साथ पारिवारिक लाभ योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को स्वी.ति पत्र का वितरण भी किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर ब्लाक परिसर में विभिन्न विभागोंद्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अतिथिगण द्वारा अवलोकन किया गया। सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले जनजाति समाज के प्रतिभावान बच्चों को नगद पुरस्कार देते हुए प्रशस्ति पत्र तथा लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।

# पिता की डांट से नाराज बेटे ने ट्रेन में कटकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। शराब पीकर घर आए बेटे को फटकार लगाने के साथ पिता ने पिटाई कर दी तो नाराज होकर उसने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बदौसा थाना क्षेत्र के



वकीलनपुरवा के पास गुरूवार की दोपहर ट्रेन से कट कर युवक ने जान दे दी। गुजर रहे ग्रामीणो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। देर शाम तक जब वह घर नही पहुंचा तो परिजनो ने उसकी खोजबीन किया। एक युवक ने मोबाइल पर कटे किशोर का फोटो परिजनो को दिखा दिया। थाने पहुंचे पिता भूपत वर्मा ने शव की शिनाख्त अपने पुत्र पंकज वर्मा निवासी ओझनपुरवा तुर्रा बदौसा के रूप में किया। मृतक के पिता ने बताया कि वह रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पंकज अतर्रा स्थित एक गैरेज में काम करता था। उसने दुकान में शराब पी लिया था। इसी पर पिता ने पंकज को दो थप्पड़ मार दिया था। इसी बात से वह नाराज था। शुक्रवार की सुबह पंकज ने छोटी बहन नीलम से कहा था कि वह गैराज जा रहा है। इतना कह कर वह घर से निकल गया था। दुकान न जा कर उसने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सभासद जमाल हामिद की माता के निधन पर शोक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा के प्रसिद्ध डॉक्टर स्वर्गीय डॉ मुन्नन की पत्नी एडवोकेट व सभासद जमाल हामिद खान बबलू की माता का निधन लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनको नगर के कब्रस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया जिसमें भारी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। अधिवक्ता की माता के निधन पर अधिवक्ता संघ नानपारा ने शोक संवेदना व्यक्त की शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव, निरंकार जयसवाल, हरि ओम शंकर शुक्ला, आदिल अहमद, अजीज अहमद, जैगम हुसैन जयदीश श्रीवास्तव हैं। नगर पालिका के सभासदों ने भी शोक संवेदना व्यक्ति की इनमें मोहम्मद रफी बाबू, नौशाद अली खान पप्पू, समीउल्लाह खान शोएब, रईस अहमद, बाके आदि रहे। संकल्प सेवा संस्थान की ओर से केशव पांडेय, शकील अंसारी, मनोज तिवारी, सुरेश शाह, हलीम अंसारी, सरफराज सिद्दीकी ने शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण किया और शान्ति की कामना की।

# सशस्त्र सीमा बल ने निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशन में डॉ. जय प्रकाश वर्मा राजकीय पशु चिकित्सा मिहिपुरवा के सहयोग से 59 वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित गाँव करमोहना में एक विशेष निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर




का आयोजन किया गया। इस महत्त्वपूर्ण पहल का उद्देश सीमावर्ती गांवों के पशुपालको को उनके पशुओ के स्वास्थ के प्रति जागरुकता करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा प्रदान करना था। शिविर में न केवल पशुओ का उपचार किया गया, बल्कि पशुपालको को स्वास्थ, पोषण और अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. जय प्रकाश वर्मा राजकीय पशु चिकित्सा मिहिपुरवा के नेतृत्व में और 59 वाहिनी एसएसबी बल के अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया। इस कार्यक्रम पर कुल 02 गाँव के 317 पशुओ का इलाज किया गया। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा अपने सम्पूर्ण जिम्मेदारी का पालन करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

# डीएम-एसएसपी ने भरथना तहसील में फरियादियों की सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

झटावा। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने संयुक्त रूप से तहसील भरथना पर सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर



फरियादियों की समस्याएं सुनीं। शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से तहसील भरथना पर जन शिकायतों को सुना गया। तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधि0 व कर्म0गण उपस्थित रहे।

# कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में बाल दिवस धूमधाम से मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी टाउन, खीरी। कस्बा खीरी स्थित कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर विविध रंगारंग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन (14 नवंबर) पर मनाए जाने वाले बाल दिवस का कार्यक्रम इस वर्ष कैसर पहलवान स्कूल में 15 नवंबर को आयोजित किया गया क्योंकि 14 नवंबर को विद्यालय में जल्दी छुट्टी होने के कारण बच्चों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयोजन एक दिन बाद रखा गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ वर्ग के छात्र–छात्राओं तक सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूरे स्कूल परिसर में बच्चों की हंसी–खुशी, तालियों की गड़गड़ाहट और रंग–बिरंगे प्रस्तुतियों का उल्लास देखने को मिला। बच्चों द्वारा लगाए गए खाने–पीने के स्टॉल, मजेदार गेम्स, नृत्य, संगीत और सांस्.तिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण के केंद्र बने रहे। स्कूल की एमडी उम्मी खातून ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों की खुशियों और उनके उज्ज्वल भविष्य का दिन है। बच्चों की प्रतिभा, उत्साह और रचनात्मकता देखकर हृदय गर्व से भर उठता है। हमारा विद्यालय सदैव बच्चों को शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में उत्.ष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। विद्यालय के प्रिंसिपल हाजी सईद गौरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। उनका सर्वांगीण विकास हमारा कर्तव्य है। बाल दिवस सिर्फ एक दिवस नहीं, बल्कि बच्चों को समझने, उन्हें प्रोत्साहित करने और उनकी क्षमताओं को निखारने का प्रतीक है। विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ ने बाल दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों ने मंच संचालन, सांस्.तिक कार्यक्रमों की तैयारी, रिहर्सल, व्यवस्था एवं बच्चों के मनोबल बढ़ाने में पूरी जिम्मेदारी, लगन और समर्पण के साथ योगदान दिया। उनकी मेहनत और




अनुशासन की वजह से कार्यक्रम न सिर्फ सुव्यवस्थित रहा, बल्कि अत्यंत यादगार भी बन सका। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रस्तुतियों में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों के लिए आनंद, प्रेरणा और सीख से भरपूर साबित हुआ।

# युवक की हत्या में शामिल तीसरा हत्यारोपी गिरफ्तार

## - हत्या के मुख्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में शनिवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा युवक की हत्या के मामलें वांछित एक अन्य अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है।




गौरलतब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गुरेह में 05 नवंबर की रात्रि गुरेह के रहने वाले युवक प्रेमचन्द्र को उसके पूर्व परिचित लोगों द्वारा फोन करके बाईपास चौराहा गुरेह बुलाया था जहां शराब ठेके के पास उनमें आपस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसमें अभियुक्तों ने प्रेमचन्द्र पर लाठी से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया था जिसमें प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त किया गया था। घायल युवक की इलाज के दौरान पीजीआई सैफई जनपद इटावा में 09 नवंबर को मृत्यु हो गई। अभियोग में सुसंगत धाराओं की वृद्धि करते हुए घटना में शामिल मुख्य 02 अभियुक्तों को 12 नवंबर को गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में शनिवार को घटना में शामिल एक अन्य वांछित अभियुक्त साहिल सिंह पुत्र सतेन्द्र सिंह को महोखर बाइपास के पास से गिरतार कर लिया गया है। पकड़े गए अभियुक्त साहिल सिंह पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध मु0अ0सं0 312/25 धारा 103/191(2)/191(3)/190/115(2)/351(3) बीएनएस थाना कोतवाली देहात में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कोतवाली देहात चन्द्रप्रकाश तिवारी कां0 सचिन पटेल कां0 हरिश्चन्द्र शामिल रहे।

# पीड़ित परिवार ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

## - दबंगों पर मढ़ा आरोप, पिटाई से मां की गई जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम गांव के रहने वाले सीताराम पुत्र स्वर्गीय कल्लू अपने पारिवारीजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी मां गौरा पार्वती पत्नी स्वर्गीय कल्लू आठ अक्टूबर को ग्राम पहरवापुर में जगरूप के घर के सामने स्थित देवी के मंदिर के पास बिंदकी जाने के लिए ई–रिक्शा का इंतजार कर रही थी। तभी गांव के दबंग ने अपनी मोटरसाइकिल से टक्कर मार दिया जिससे उसकी मां के सिर व शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटें आई।



जानकारी मिलने पर वह अपनी मां को 108 नंबर एंबुलेंस से बिंदकी ले गया। जहां से कानपुर व लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुनः कानपुर के हैलेट अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां 16 अक्टूबर को उनकी मृत्यु हो गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग रंजिशन उन्हें परेशान करते हैं और गांव में रहने नहीं दे रहे हैं। वह अपने परिवार को लेकर इधर–उधर भटक रहा है। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों ने जांच करवाकर दोशियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस अवसर पर बड़कू, हरिशंकर, छोटू, गुड़िया, ललिता, राखी, राजू, अंजलि, पारुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हस्तशिल्प मेले से छात्राओं को मिला बिक्री का प्रत्यक्ष अनुभव

## - महिला महाविद्यालय में प्राचार्य ने दीप जलाकर किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मिशन शक्ति अभियान व महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में षनिवार को हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता को मंच प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना था। मेले का उद्घाटन प्राचार्य डॉ0 राजेश कुमार यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने मिशन शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। मेले में चालीस से अधिक स्टाल लगाए गए। जिनका संचालन स्वयं छात्राओं ने किया। इन स्टालों पर उनकी हस्तकला, रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का उत्.ष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। छात्राओं ने अपनी स्टालों पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद प्रदर्शित किए, जो उनकी प्रतिभा और मेहनत को दर्शाते हैं। मिट्टी के लावर पॉट, हस्त निर्मित मोमबत्तियां, बंधनवार, पंखे और पेंटिंग, हाथ से सिले हुए वस्त्र रंगीन दुपट्टे और विभिन्न प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके बनाए गए वस्त्र शामिल रहे। इसके साथ ही आलू चाट, गोलगप्पे, भेलपूरी, दही भल्ले, इडली, ढोकला वेज बिरयानी जैसे लोकप्रिय भारतीय स्ट्रीट फूड ने सबसे ज्यादा भीड़ खींची। कुछ स्टालों पर स्वास्थ्य को ध्यान में



रखते हुए फल, सलाद, अंकुरित अनाज, चाट इत्यादि उपलब्ध रहे। छात्राओं ने मार्केटिंग और बिक्री का भी प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस मौके पर मिशन शक्ति प्रभारी प्रोफेसर शकुंतला, मिशन शक्ति समिति के सदस्य डॉ चारू मिश्रा, डॉ चंद्रभूषण, डॉ राज कुमार, प्रोफेसर लक्ष्मीना भारती, प्रोफेसर प्रशांत द्विवेदी, शरद चंद्र राय, रमेश सिंह, बृजेश पाल, डॉ अनुष्का छौंकर, आनंदनाथ सहित महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# बीईओ ने रामरुप सिंह पब्लिक स्कूल को भेजी नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

खखरेरु, फतेहपुर। क्षेत्र के दरियामऊ गांव में संचालित रामरूप सिंह पब्लिक स्कूल को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर दिया। दरियामऊ गांव में कई वर्षों से रामरूप सिंह पब्लिक स्कूल संचालित है। जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों को इंग्लिश मीडियम की शिक्षा दी जाती है लेकिन रजिस्ट्रेशन मात्र कक्षा एक से पांच तक ही कक्षाओं का है जिसकी शिकायत पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव ने रामरूप सिंह पब्लिक स्कूल को नोटिस जारी कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। इस संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि नोटिस जारी कर जल्द ही कक्षा छह से आठ तक की कक्षाएं बंद करने को कहा गया है। वरना विद्यालय के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। यदि क्षेत्र में कोई भी मानकविहीन विद्यालय संचालित पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# थोड़ी सी जिम्मेदारी बचा सकती है कई जिन्दगियांः पवन पाण्डेय

(संवाददाता) प्रयागराज। इंस्टीट्यूट ऑफ़ लॉ एंड सोशल साइंस, छतनाग उपहार, झूंसी, प्रयागराज में यातायात माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक, पूर्व आईजी कविंद्र प्रताप सिंह एवं अकादमिक डायरेक्टर ओ.पी. तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पवन कुमार पाण्डेय, ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रयागराज, तथा नितीश शुक्ला, चाइल्ड लाइन रेलवे प्रयागराज उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों एवं बाल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। विशेष रूप से सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों तथा बाल सुरक्षा हेल्पलाइन 1098 के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य अजीत सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के सभी सहायक आचार्यगण एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

# सेंट पीटर्स और फोर्ड स्कूल क्लब को मिली जीत

(संवाददाता) प्रयागराज। सेंट पीटर्स क्लब और फोर्ड स्कूल क्लब ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर–14 बालिका एवं बालक क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में सेंट पीटर्स क्लब ने 30 ओवर में चार विकेट पर 270 रन (आदर्श सिंह 116, आशुतोष प्रताप सिंह 105 नाबाद, अखिलेश यादव 23, अर्णव सिंह 2/68, अनुप्रस पाल 1/52, प्रिंस सिंह 1/59) बनाकर भानु प्रताप सिंह क्लब को 24 ओवर में 98 रन (प्रतीक यादव 25, नितिन 12, शिवम यादव 4/09, मोहम्मद इस्माइल 3/15, सार्थक द्विवेदी 2/28) पर समेट दिया। मैच में शिशिर मेहरोत्रा एवं राहुल सिंह अंपायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे। दिल्ली पब्लिक स्कूल मैदान पर फोर्ड स्कूल क्लब ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 211 रन (देवांश कुमार स्वपनिल 72 नाबाद, सूर्यांश त्रिपाठी 43, अभिमन्यु सिंह 23, आयुष मिश्रा 19, यथार्थ 3/24, ऋतिक तिवारी, अक्षय शर्मा व अद्वित शुक्ला एक–एक विकेट) बनाए। जवाब में आशीष नेहरा क्लब की टीम 26.2 और में 91 रन (यथार्थ सिंह 17 नाबाद, कार्तिकेय श्रीवास्तव 11, अमन तिवारी 6/24, आदित्य कुमार 2/20, सौरभ तिवारी 2/27) पर सिमट गई। मैच में रामचंद्र यादव व हितेश श्रीवास्तव अंपायर एवं अनूप कुमार शर्मा स्कोरर रहे।

# गलत नम्बर प्लेट वाले व्यावसायिक वाहनों पर हो सख्त कार्यवाही- डीएम

### जिलाधिकारी ने अवैध-खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किए जाने हेतु जनपद स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

(संवाददाता) प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में अवैध–खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किए जाने हेतु जनपद स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने बिना नम्बर प्लेट एवं हाई सिक्योरटी नम्बर प्लेट तथा गलत नम्बर प्लेट का प्रयोग करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई किए जाने हेतु पुलिस विभाग को निर्देशित किया है। उन्होंने पुलिस, खनिज विभाग एवं तहसील की टास्क फोर्स टीम द्वारा अवैध परिवहन एवं ओवर लोडिंग में संलिप्त उपखनिजों का परिवहन कर रहे वाहनों की निरंतर जांच करते हुए इस पर रोक लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रत्येक कृतकार्यवाही से उन्हें भी अवगत कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स टीम द्वारा उपखनिज से सम्बंधित कोई वाहन पकड़ा जाये, तो खनन विभाग को भी कार्रवाई हेतु अवश्य सूचित किया जाये। खनन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जनपद में लगभग 600 ईट भट्ठे है, जिसमें से अभी तक 100 ईट भट्ठा स्वामियों द्वारा ही विनियमन शुल्क जमा किया गया है, जिसपर जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को ईट भट्ठों की सूची उपलब्ध कराने तथा सभी उपजिलाधिकारियों को अपने–अपने तहसील में ईट भट्ठो से विनियमन शुल्क जमा कराये जाना सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा, ज्येष्ठ खान अधिकारी के0के0 राय सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# एसवीएम का तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण शनिवार को शुरू हो गया। वंदना बेला में प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह एवं अतिथि प्रधानाचार्य बृज किशोर सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर शैक्षणिक कार्यों की शुरुआत हुई। महाराजा अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरी मार्ग झांसी से आए प्रधानाचार्य एवं उनकी टोली विद्यालय का तीन दिनों तक विद्यालय परिसर में ही रहकर विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था एवं विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करेगी। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल प्रकाश श्रीवास्तव ने अतिथि महानुभावों का परिचय पूर्ण कराया। इसके बाद अतिथि आचार्य महानुभावों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वंदना के उपरांत अतिथि प्रधानाचार्य ने बच्चो को संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि हम सभी एक ही परिवार के हैं इसलिए हम अतिथि नहीं है हम चाहते हैं कि हम यहां से कुछ अच्छा लेकर जाएं। उहोंने कहा कि विद्या भारती का उद्देश्य हमें आत्मसात करना चाहिए। विद्यार्थी को सतत अच्छा पाने और करने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर दीपक गुप्त, जगदीश सिंह, अनिल श्रीवास्तव, रामौतार सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# तीन दिनों में आवेदन करें पशु पालक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा० वेदब्रत गंगवार ने बताया कि उत्तर प्रदेश चारा नीति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजना के अंतर्गत नैपियर घास की जड़े, रूट स्लिप उपलब्ध कराया जाना है। योजनान्तर्गत जनपद में दो हेक्टेयर भूमि के दस . षक, पशुपालक, गैर सरकारी संस्था एफपीयू, स्वयं सहायता समूह, गौशाला, गौ आश्रय स्थलों के प्रधान की सिंचित भूमि 0.2 हेक्टेयर विशेषकर चारागाह पर हरा चारा उत्पादन हेतु भूमि प्रबन्धन समिति को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। आवेदन में अनुसूचित जाति/अनु०जन जाति के परिवारों के साथ–साथ किसी भी वर्ग की महिला मुखिया परिवार की महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। योजना में चयनित लाभार्थियों को योजनान्तर्गत प्रथम वर्ष में निःशुल्क नैपियर गांठ/जडों को उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही नैपियर शीड बैंक तैयार करने हेतु उपलब्ध करायी गयी नैपियर रूट स्लिप के सापेक्ष आगामी वर्षों में दोगुनी संख्या में नैपियर गांठों व जडों को विभाग को निःशुल्क दिये जाने हेतु सहमति पत्र प्रदान किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, भूमि का स्वामित्व प्रमाण पत्र, खसरा खतौनी, बैंक खाता विवरण को स्व प्रमाणित कर संलग्न करना आवश्यक हैं। इच्छुक पशुपालक मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में तीन दिवस के भीतर आवेदन करें।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम सुक्खा का पुरवा मजरे कसेरूवा में शुक्रवार की रात 35 वर्षीय अविवाहित युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार सुक्खा का पुरवा मजरे कसेरूवा गांव निवासी स्व0 रामराज के पुत्र विमल कुमार ने रात घर में उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और कमरे में विमल का फांसी पर लटका शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक शराबी था।

# नाती की पिटाई से वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बैरमपुर मजरे कठेरूवा में दो दिन पूर्व 85 वर्षीय वृद्ध को नाती ने बुरी तरह पीट दिया था। जिसकी घर पर ही इलाज के दौरान मौत हो गई।

बताते चलें कि स्व0 श्रीपाल का पुत्र छत्रपाल को दो दिन पूर्व नाती ने मारापीटा था। जिस पर घर वाले प्राइवेट इलाज कराकर घर वापस ले आए। बीती रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लालीपुर में शनिवार की सुबह खेतों में काम करते समय 52 वर्षीय अधेड़ को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लालीपुर गांव निवासी प्रहलाद का पुत्र रामसेवक शनिवार की सुबह खेतों में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

# शहीद माल्टा इंटर कालेज में लगा बाल मेला

## – चेयरमैन ने फीता काटकर किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। कस्बे के शहीद माल्टा इण्टर कालेज में शनिवार को भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन सैय्यद आबिद हसन ने फीता काट कर किया। मेले में नन्हे मुन्ने बच्चों सहित छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए। जिसका आनंद अभिभावकों ने लिया। बाल मेले में छात्रों ने पानी पूरी, गाजर का हलुआ, ढोकला, फ्रूट चाट, आलू की टिकिया, दही बड़ा सहित विभिन्न प्रकार के फलों को लगाकर खूब बिक्री की। जिसका आनंद अभिभावकों ने भी लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से प्रति स्टाल दो हजार रूपए की आर्थिक मदद कर हौसला अफजाई की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री हसन ने बाल मेले की भूरि–भूरि प्रशंसा की और उन्होने छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनीसुर्रहमान, रमेश चंद्र, अरशद इकबाल, राजेश भारती सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक मौजूद रहे।



# संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का ससमय करें निस्तारण : डीएम

## - पुलिस विभाग की शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्त : एसपी

## - 175 प्राप्त शिकायतों में 21 का हुआ निस्तारण, स्टालों से योजनाओं का दिया लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शासन की मंशा के अनुरूप आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह के संयुक्त तत्वाधान में तहसील खागा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में जिलाधिकारी के निर्देशन में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों समाज कल्याण 03, दिव्यांग जन सशक्तिकरण 03 पेंशन, 06 सहायक उपकरण, स्वच्छ भारत मिशन 05, आयुर्वेदिक एवं यूनानी 46 को दवा वितरित, आयुष विभाग 53 दवा वितरित, जिला पूर्ति विभाग 16 यूनिट बढ़ाने एवं 14 नए राशन कार्ड हेतु आवेदन, विद्युत समाधान हेतु 06 बिल संशोधन/मीटर से संबंधित, महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत निराश्रित महिला पेंशन,



मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना के तहत 15 लोगों ने लगाए गए स्टालों के माध्यम से जानकारी ली। समाधान दिवस में पुलिस, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, .षि, शिक्षा, सिंचाई, नलकूप, राजस्व, आवास, मनरेगा, उद्यान, चकबंदी, जिला पूर्ति आदि विभागों से संबंधित कुल 175 शिकायतकर्ताओं से शिकायतें प्राप्त हुई। जिसके सापेक्ष 21 का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासकीय कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये। सभी लाभार्थीपरक योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पुलिस विभाग की षिकायतों के निस्तारण में षिथिलता बर्दाष्त नहीं की जाएगी। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी खागा, पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला .षि अधिकारी, जिला समाज कल्याण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण, सहायक श्रमायुक्त, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# होम्योपैथिक चिकित्सक की जयंती पर सीपीआर की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ सत्यनारायण श्रीवास्तव की 118 वीं जयंती पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर जागरूकता अभियान चलाया।

डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर प्रशिक्षण स्व0 डॉ सत्यनारायण भारती विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल अरबपुर, साई सिटी इंटर कॉलेज जयरामनगर, सुंदर सिंह इंटर कॉलेज में दिया गया। डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को हम कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन कहा जाता है और जब किसी व्यक्ति की अचानक से हृदय गति रुक जाती है तो हम उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 30 बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना



है। अनवरत जब तक हृदय धड़कना शुरू न कर दे। साथ ही डॉ अनुराग ने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व 2 बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। डॉ अनुराग ने स्वर्गीय डॉ सत्यनारायण भारती विद्यालय हायर सेकंडरी स्कूल अरबपुर डॉ सत्यनारायण जी की 118 वीं जयंती मनाई। सर्वप्रथम डॉ अनुराग श्रीवास्तव व उनके अनुज अभिनव श्रीवास्तव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ हेमंत त्रिपाठी द्वारा विद्यालय में स्थापित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात डॉ अनुराग ने बताया कि डॉ सत्यनारायण जी उनके नाना थे और वह योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक थे। निर्धनों की चिकित्सा निःशुल्क करते थे। समाज के लिये हमेशा समर्पित रहते थे। नगर पालिका परिषद, आर्य समाज, रामलीला कमेटी व जनपद के कई विद्यालयों में प्रबन्धक व सदस्य रहते हुए अपनी सेवाएं दीं। उन्हीं के आदर्शों के अनुगामी बनकर डॉ अनुराग द्वारा सेवा का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर डॉ अनुराग ने सभी 360 बच्चों को बिस्कुट प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ हेमंत त्रिपाठी, पवन सिंह, जवाहर सिंह व अध्यापक राजकुमार वर्मा, उदयचंद पटेल, कमल कुमार सविता, मनोज कुमार, राकेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# हवा में उड़ते ग्लास में भरा पानी, बच्चों ने बजाई ताली

## - बीओएस में जादूगर गोगा ने जादू दिखा बच्चों को हंसाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में शनिवार को प्रसिद्ध जादूगर गोगा की टीम ने अपने





जादू से बच्चों को खूब हंसाया। चेन को गायब कर टीचर्स के बैग से निकाला। इसके अलावा छोटे से बड़े ग्लास में दूध भर कर दिखाया। खाली हाथ से नोट निकाल कर दिखाने पर बच्चे अचंभित हो गए। जादू प्रोग्राम का आगाज नगर पालिका के चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने किया। जादूगर गोगा ने जादू से माला निकाल कर पहनाया। चेयरमैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जादू भी एक तरह की शिक्षा है। इस कला की भी सभी बच्चों को जानकारी होनी चाहिए। चेयरमैन श्री मौर्य ने कहा कि ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल शहर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। पिछले 22 सालों में स्कूल ने बहुत तरक्की की है। स्कूल से पढ़े बच्चे इस समय देश और विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में बच्चों को अच्छी पढ़ाई के साथ तरबियत भी दी जाती है। मुस्लिम बच्चों के लिए दीनी तालीम की भी व्यवस्था है। यह स्कूल राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीएमएस में कई साल प्रिंसिपल रह चुकीं .ष्णा उप्पल ने भी शनिवार को ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में बतौर प्राक्टर ज्वाइन किया। इस दौरान स्कूल मैनेजमेंट ने उनका स्वागत किया। श्रीमती उप्पल ने कहा कि जिस तरह सीएमएस ग्रुप का नाम है उसी तरह पूरे प्रदेश में ब्रिलियंट ग्रुप का भी नाम होगा। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को डिजिटल बोर्ड के अलावा योग्य टीचिंग स्टाफ द्वारा शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। जादूगर गोगा ने भी एक से बढ़कर एक जादू दिखाए। उनकी हाथ की सफाई देखकर बच्चे दंग रह गए। हवा में ग्लास उछालकर उसमें पानी भरते हुए भी दिखाया। एक बच्चे को बुलाकर तो उन्होंने हेप्टोनाइज कर दिया। इससे वह जादूकर ने जो किया वह करने लगा। एक फोटो दिखाकर उसके चश्मे का कलर बदलने का जादू दिखाया। अलग–अलग छल्लों को एक–कर कर जोड़कर भी दिखाया। आंखों में पट्टी बांधकर बाइक चलाकर भी दिखाई। बच्चों ने जादू देखकर कहा कि बहुत अच्छा लगा। जादूगर टीम के मैनेजर साहिल मिश्रा ने भी स्कूल के बच्चों की तारीफ की। इस मौके पर चेयरमैन सैयद वासिफ हुसैन, प्रिंसिपल वकील अहमद, जामिया हसन संदरी मांटेंसरी स्कूल, कोट के मैनेजर सरवर खान, आसिफ हुसैन, फहमी मजहर, ताहिर हुसैन, ताहिर हसन, अरशद नूर अंसारी, अफजल, फजल अहमद, सलाहउद्दीन, सूफिया, अर्शिया, तहतीब, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

# बिना रजिस्ट्रेशन संचालित रुद्र क्लीनिक सीज

## - संचालक के खिलाफ थाने में दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के थाना सुल्तानपुर घोष अंतर्गत प्रेमनगर कस्बे में बिना रजिस्ट्रेशन व मान्यता के संचालित रुद्र पॉलीक्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्यवाही की। सीएमओ के निर्देश पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक की जांच पड़ताल की। टीम को मौके पर कोई वैध कागज, पंजीकरण प्रमाण पत्र या चिकित्सकीय योग्यता से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। क्लीनिक के संचालक द्वारा मरीजों का उपचार बिना किसी अधि.त अनुमति के किया जा रहा था।

जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद लगातार निगरानी रखी जा रही थी। मौके पर जांच में क्लीनिक संचालन पूरी तरह अवैध पाया गया। जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल पॉलीक्लीनिक को सीज कर दिया। टीम ने वहां मौजूद उपकरणों, दवाइयों और रजिस्टरों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेज जब्त किए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संबंधित संचालक के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कर थाना सुल्तानपुर घोष को सौंप दी। पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की तहरीर पर मुकदमा पंजी.त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि बिना पंजीकरण व बिना योग्यता के इलाज करना गंभीर अपराध है, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर सीधा खतरा मंडराता है। स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि बिना मान्यता प्राप्त अस्पतालों या क्लिनिक में उपचार न कराएं और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत विभाग को दें।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने दिया धरना

## – सीएम को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा किए जाने की उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरने को वक्ताओं ने संबोधित कर अपनी आवाज को बुलंद किया तत्पश्चात उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। उत्तर प्रदेश लेखपाल



संघ के अध्यक्ष हरि गोविन्द व मंत्री प्रदीप कुमार की अगुवई में लेखपालों ने धरना देते हुए कहा कि लेखपाल अपनी मांगों को लेकर काफी समय से आवाज उठाते चले आ रहे हैं लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। लेखपालों ने कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा न किया गया तो वह आगे बड़ा आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएंगे। एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजे गए ज्ञापन में विगत नौ वर्ष से लेखपाल पद की शैक्षणिक योग्यता व पदनाम परिवर्तन, प्रारंभिक वेतनमान उच्चीकरण, एसीपी विसंगति, मृतक आश्रित लेखपालों की पुरानी पेंशन विसंगति, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पद सृजन, स्टेशनरी भत्ता सौ से बढ़ाकर एक हजार रूपए करने, नियत यात्रा भत्ता के स्थान पर वाहन भत्ता व मोटर साइकिल भत्ता अनुमन्य करने, विशेष वेतन भत्ता सौ रूपए से बढ़ाकर ढाई हजार रूपए प्रतिमाह करने आदि मांगे शामिल रहीं। ज्ञापन में कहा गया कि अंतर्मण्डलीय स्थानांतरण हेतु निर्गत शासनादेश के अनुसार अंतर्मण्डलीय स्थानांतरण हेतु आनलाइन आवेदन परिषद से मंगा लिए लेकिन स्थानांतरण सूची आज तक जारी नहीं की जबकि अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों के स्थानांतरण हो चुके हैं। यह भी बताया कि 02 जुलाई 2025 व 3 सितंबर 2025 में दिए गए निर्देश के बावजूद राजस्व निरीक्षक पदों पर पदोन्नति हेतु चयन वर्ष 2025–26 की डीपीएस अभी तक नही हो सकी है। सभी मांगों को सरकार तत्काल पूर्ण करें। यदि मांगे पूरी नहीं की गई तो आगे रणनीति बनाकर वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर अनुपम कुमार यादव, रजत तिवारी, योगेन्द्र कुमार त्रिपाठी, विवेक मिश्रा, शोभा साहू भी मौजूद रहीं।

# लौह पुरुष की 150 वीं जयंती पर निकाला यूनिटी मार्च

## - तिरंगा झंडा के साथ भारत माता के लगे जयकारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लौह पुरुष सरकार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर शहर में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। देशभक्ति गीत व तिरंगे झंडे के साथ यात्रा रामलीला ग्राउंड ज्वालगंज से निकलकर राधानगर में सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुआ। भारत के पहले गृहमंत्री



सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के अवसर पर देशभर में कार्यकमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की अगुवाई में यूनिटी मार्च निकाला गया। डीजे पर देशभक्ति गीत व तिरंगे झंडे के साथ यात्रा स्कूली बच्चों व भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मार्च शहर के रामलीला ग्राउंड ज्वालगंज से निकलकर राधानगर में सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कालेज प्रांगण पहुँचा, जहां जनसभा में बदल गया। जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री रामकेश निषाद शामिल हुए। वक्ताओं द्वारा देश की आज़ादी में सरदार पटेल का महत्व व आज़ादी के बाद देसी रियासतों को एकत्र कर मज़बूत राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यकम को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बताया कि सरसर पटेल के द्वारा देष भर की रियासतों के राजा महाराजाओं के राज्यो को भारत में विलय कर सरदार भल्लभ भाई पटेल ने एक मजबूत राष्ट्र की नींव रखी जिसके लिए सभी देशवासी सरदार के आभारी हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं व मात्र शक्ति के योगदान की आवश्यक्ता बल दिया। इस दौरान जनसभा में भी सरदार पटेल अमर रहे व भारत माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम संयोजक व पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती देवी वर्मा रहीं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू सिंह, पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह, पूर्व बिंदकी विधायक करन सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, स्वरूप राज सिंह जूली, मनोज मिश्रा मनु, पुष्पराज पटेल, प्रसून तिवारी, सुधा मौर्य, रामप्रताप सिंह गौतम, अपर्णा सिंह गौतम, ज्योति प्रवीण, गायत्री सिंह, प्रेमा सिंह राठौर, विजय लक्ष्मी साहू, नीटू मिश्रा, सभासद विनय तिवारी, अभिषेक शुक्ला, बृजेश सोनी, राजेश पटेल, डा. अतुल त्रिवेदी, विक्रम सिंह चंदेल आदि रहे।

# युवक ने जहर व डाई पीकर आत्महत्या का किया प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम असवार तारापुर में शनिवार की दोपहर पत्नी के ससुराल न आने से क्षुब्ध 30 वर्षीय युवक ने जहर के साथ डाई पी लिया। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार असवार तारापुर गांव निवासी रामसजीवन के पुत्र अर्जुन ने शनिवार की दोपहर जहर के साथ–साथ डाई पी लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। पिता रामसजीवन ने बताया कि उसकी पत्नी दो साल पूर्व मायके चली गई थी। जिसको लेकर पुत्र मानसिक तनाव में रहता था। जिसके चलते उसने घटना को अंजाम दिया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )